सब चीजों पर अधिकार रखते है

यहां होने के लिए मैं बहुत आभारी हूं, मैं आप लोगों कि प्रार्थनाओ को सरहाता हूं, जब अपने मरी छोटी सी दुर्घटना को सुना, यह ये दर्शाता है कि शैतान आपको नहीं ले सकता, जब तक परमेश्वर तैयार ना हो। और मैं समझता हूं आप में से बहुत से आश्चर्य करते हैं, यह कैसे हैं... क्या हुआ, मेरा सदा से पक्ष लिया गया है... जैसा कि आप जानते हैं मैं... मेरा शौक या मुझे कैसे आराम मिलता है, मछली पकड़ने जाऊं या इलाके में जाऊं और मारु या शिकार पर जाऊं या कुछ ऐसे ही। मैं इसके लिए आनंदित हूं। यदि मैं गोल्फ खेलता होता मैं वहां पर होता जहां स्त्रियां आधी नंगी, और यदि मैं होता। और यदि मैं—और यदि मैं फुटबॉल का खिलाड़ी होता आप जानते हैं कि ये क्या होता। परंतु मुझे—मुझे आनंद है कि यह बाहर का था जैसे मछली पकड़ना, शिकार और आदि–आदि।

2 और मैं उन वेदरबाई मैगनम बंदूकों से सदा प्रसन्न होता हूं। और मेरा अनुमान है कि किसी ने यह मेरे लिए खरीदी होगी, यदि मैंने इसके विषय में कुछ कहा होगा, परंतु इसे मैंने अपने तक ही सीमित रखा, क्योंकि इसके वे इसमें बहुत पैसा डालना चाहते हैं, और मैं जानता हूं बहुत से मिशनरियों के पास पाव में जूतियां नहीं है। और तब कोई इसके लिए भुगतान करें और उन पैसे को लेकर और बंदूक के लिए भुगतान करें? भाई आर्ट विल्सन ने बिली को पहले, अधिक समय नहीं हुआ मोडल सेवेन्टी विंचेस्टर दी एक 257 रोबर्ट्स, श्री वेदर बाई ने एक पेपर निकाला है कि वह उस बंदूक को लेकर और थोड़े से बदलाव करके उससे वेदरबाई मैगनम बना देंगे, बिल्कुल सुरक्षित। भाई रोडनी यहाँ कलीसिया में आये है, भाई रोडनी आर्म स्ट्रोंग ने इसे भेज दिया और इसे विदर भाई मैगनम में बदल दिया था, यह ऐसा हुआ ये ठीक से नहीं बदली गई, इसलिए जब मैंने गोली चलाई विनचे... विनचेस्टर कंपनी कहती है कि उनकी बंदूक छह हज़ार नौ सौ पौंड का दाब सह लेंगी। आप जानते हैं कि यह क्या होगा।

3 और मैंने बंदूक ऊपर कर रखी थी, भाई वुड मेरे साथ वहां नीचे गए थे, और यह मेरी आंख से लगभग एक इंच दूर था, इस तरह। और छह हज़ार नौ सौ पौंड के दबाव का दाब, बंदूक की नाल पच्चास गज दूर चली

गई और बोल्ट पीछे चला गया, और बंदूक मेरे हाथ में चिथडे हो गई और फायर की चमक छत जितनी ऊंची, और एक दो सेकंड में इतना ही जान पाया। और खून *इस* प्रकार से निकल रहा था, और मैंने सोचा मैं मर गया हूं और मैंने क्षण भर के लिए अपना हाथ *ऐसे* ऊपर करके पकड़ा, और भाई वुड... और मैंने देखने का यत्न किया और मैं इस आंख से नहीं देख सका, और बिल्कुल भी सुन नहीं सका। मुझे लगा जैसे मैं हवा में चल रहा हूं। और मैंने देखा भाई वुड टारगेट की ओर जा रहे थे कि देखे गोली कहां लगी और मैं उनका ध्यान अपनी ओर खींचना चाहता था, तब वे समझे और हम यहां आए और किरिचो का गोला, मेरी आंख के चारों ओर घुस गया। और मेरा चेहरा ऐसा लगा जैसे हम बर्गर फैंक कर मारा और मेरे मुंह पर छटक गया। और आंख के ऊपर बड़े–बड़े टुकड़े चिपक गए और नाक और माथे की हड्डी के *यहाँ* चारों ओर गोला बन गया। डॉक्टर अदैर ने उन्हें निकाला।

4 कुछ दिन बाद, याने अगले दिन डॉक्टर स्वयं अस्पताल में थे। और उन्होंने आंख के विशेषज्ञ को भेजा। उसने पाया एक गोला आंख के नीचे लगभग तीस छोटे–छोटे टुकड़ों का, मेरी आंख में गहराई में चले गए। इन्हें निकाला नहीं जा सकता था। दृष्टि से बाल–बाल बचा, और उसके चारों तरफ इस प्रकार गोला बन गया। उसने कहा, "मैं केवल एक बात जानता हूं," उसने डॉक्टर को अदैर को एक पत्र लिखा कि, "भला परमेश्वर वहां उनके साथ बैठा हुआ था कि अपने दास की रक्षा करें या तो फिर उनका सिर ही नहीं बचता," भाई वुड ने पाया होगा, *यहां* इस बात को देखा होगा कि वह दाब जो फटा! मैं नहीं जानता कि यह कैसे हुआ, परंतु वह बड़ा भारी बोल्ट उस सेवेन्टी बंदूक से धमाके से पीछे चला गया, यदि आप जानते हो जहां कौनर्वेशन क्लब है, पीछे की ओर हिरन के बाडे में। और बंदूक का एक भाग हमें कभी नहीं मिला।

5 इसलिए यह कुछ दर्शाने जा रहा है। यदि प्रभु ने चाहा तो एक दिन मेरे पास एक प्रचार है, "एक परिवर्तन, ठीक है, परंतु अच्छा है कि आप इसे नीचे रखें, यदि यह इस भार को लेने के लिए ठहराया हुआ नहीं है, यह हर बार फटेगा।" यह ठीक बात है। इसलिए यत्न ना करें... अच्छा है, कि यह मूल ही हो। यह उपहास नहीं है... [एक बहन सभा में से बोलती है—सम्पा।] अब देखिए। यह... ओह निसंदेह आप कल्पना कर सकते है, जो इस तरह से बातें कही जाएगी।

6 परंतु जहां तक मैं जानता हूं, वहां—वहां ऐसी कोई बात नहीं है... निसंदेह मेरे कान आप कल्पना कर सकते हैं, मेरे कान अब तक गूंज रहे हैं जब यह माइक्रोफ़ोन गूजता है। इसी कारण मैं आज प्रात: यहां पर नहीं था, आप बाटा करते हैं, आप धमाके आदि सुन सकते हैं, परंतु वे मुझे विशेषज्ञ के पास ले गए, बताया कि, "कान के भीतरी भाग में सूजन तक नहीं है। और फिर आंख वाले," ने कहा, "आपकी दृष्टि वैसी ही रहेगी जैसे कभी थी।" बताया—बताया, "यह आंख के नीचे गया। और आंख के गोले के चारों तरफ गोल बना दिया अपने में घंस गए," कहा, "यह किरच सदा वही रहेगी।"

7 मैंने कहा, "यह मेरे में जब मैं दो वर्ष का था, तभी से है यह दूसरे वाले से।"

8 भाई रोबरसन वहां थे, मैंने उन्हें बुलाया था और इसके बारे में बता रहा था। कहा, "इसका विचार ना करें," कहा, "मेरा दो या तीन पाउंड हुआ," उसने कहा। वह युद्ध का अनुभवी है। "इसलिए यह हानि नहीं करेगा मुझ में यह बहुत सारे हैं।"

9 और मैंने प्रभु का दर्शन याद किया, बहुत समय नहीं हुआ। क्या आपको याद है मैं उसे यहां बता रहा था? प्रभु की मिठास ने उस प्रातः यहां कहा, "डर मत जो भी हो, जहां भी हो या जो हो, क्योंकि यीशु मसीह की असफल ना होने वाली उपस्थिति तेरे साथ है जहां भी तू जाए।" इसलिए वह नहीं सकता, जब तक परमेश्वर ना कहे, शैतान मुझे नहीं मार सकता, "यह तय हो गया।" देखा? वह इसकी कोशिश कर सकता है, परंतु वह इसे करने में कभी सफल नहीं होगा।

10 इसलिए फिर विचित्र बात, जो भी हो, मैं बढ़ रहा था अपनी सभाओं में जा रहा था, मैं अपनी बायी आंख से देख पा रहा था, ठीक है जैसे भी हो मैं सभा में जा रहा था। और फिर वह भाई जो इंडियन आरक्षण पर जा रहा था सभा को रद्द कर दिया या टाल दिया, जब तक मैं पश्चिमी किनारे से वापस ना आऊं, फिर पश्चिमी किनारे पर वापस जाऊं। इस प्रकार से हम वहां सभा लेने जा रहे थे। और इसी समय में, भाई ऑर्गन ब्राईट ने मुझे पकड़ लिया और तब जब वह सभा समाप्त हो गई, मैं भी एन्कोरेज, अलास्का को गया। कारण यह मैं कि मैं बहुत निर्भर कर रहा था...

11 आप में से बहुतों को, वह दर्शन याद है जो मुझे मिला, जहां मैंने ग्रिसली भालू को मारा था (और कलीसिया को याद होगा यहाँ मैं बता रहा था), और वो करीबू बर्फानी बड़ा हिरन। मेरे पास एक और था। स्मरण करें यह यहां टेप पर है, मैंने एक बड़ा भारी भूरा भालू देखा, वह एक कोडक हो सकता है और यह वहां कनाडा में नहीं चलेगा क्योंकि वे वहां नहीं होते आप समझे। परंतु वह जहां भी हो, वहां होगा, वह होगा, **यह यहोवा यों कहता है**, है। यह होगा ही। समझे?

12 और मैं अब आपको धन्यवाद करता हूं कि आप मेरे लिए प्रार्थना कर रहे हैं। मैं जानता हूं कि आप में से बहुतों ने मेरे लिए प्रार्थना की होगी जब आपने सुना कि मुझे चोट लगी है। और एक छोटा झुंड जो कि... मेरी पुत्री वहां पीछे हैं रिबेका ने बहन डौच को एक पत्र लिखा, जो यहां आराधनालय में आते हैं, और उन्हें इस बारे में बताया। और उसके कुछ समय बाद उन्होंने मेडा को फोन किया, मैं नहीं जानती कि यह कुछ सहायता करेगा या नहीं परंतु हमारा सारा झुंड यहां एकत्र हुआ। मैथोडिस्ट के सेवक और—और भाई ब्राऊन उनके रिश्तेदार और वे सब एकत्र हुए, मेरे लिए सारी रात्रि प्रार्थना की। कहा, "कि मैं नहीं जानती कि परमेश्वर ने सुनी या नहीं परंतु हम यह जानते हैं कि भाई ब्रन्हम ने बहुतो के लिए प्रार्थना की है, हमने सोचा हम उनके लिए प्रार्थना करेंगे।" इसी प्रकार वह सुनाता है, देखा। यह ठीक बात है, वे इस प्रकार के दयालु है!

13 भाई क्रेज, यहां हमारा एक भाई, हाल ही में शैतान उसके पीछे या एक पुलिया से टकराया, इसने इसका काट दिया... पूरी रीती से मैं नहीं समझ पाता कि वह इसमें से कैसे जीवित बच गया। और इसलिए वह अस्पताल में है और बताया वहां एक छोटा भाई न्यू अल्बनी से आया मेडकाल्फ नाम का और उसने कहा, "भाई क्रेस, मैं—मैं—मैं योग्य नही कि आपके लिए प्रार्थना करूं, परंतु," बोला, "प्रभु ने मेरे ह्रदय पर बोझ डाला, तो मैं कुछ कर नहीं सका।" और आकर घुटने टिकाये और एक छोटी प्रार्थना की और चला गया। परमेश्वर ने भाई क्रेज को तुरंत चंगा कर दिया। समझे? देखिए, जब यह मसीह की देह में चंगाई का वरदान है, देखिए।

14 एक दूसरे को याद करता है, मत सोचिए कि आप बस एक सदस्य हैं जैसे कोई और सदस्य हैं, आप हैं। यह मेरी उंगली वैसे ही है, जैसे यह मेरी बांह है या यह कान, मेरा कान। देखा? यह देह का सदस्य है। और हम

सब... यदि एक सदस्य दु:खी तो सब उसके साथ दु:खी है, एक एकता, क्या ही धन्य है, एकता! अब मैं...

15 तब इसके बाद, अब मैंने कुछ और सभाये ली और मैंने एक रात्रि को थोड़ा समय फिर से इस आराधनालय में होने के लिए छोड़ दिया, यदि प्रभु ने चाहा। और यदि प्रभु ने चाहा अगले आने वाले रविवार प्रात: को मैं *भविष्यवक्ताओं के पद चिन्हों* पर बोलना चाहता हूं और फिर आराधनालय पर।

16 आने वाली रात्रि, या रविवार रात्रि में, मैं यहां गोस्पल आराधनालय पर हूं, हमारे भाई में से, एक भाई रुडेल मैं *बहाव से अलग होना* पर बोलना चाहता हूं, यदि प्रभु ने चाहा।

17 और फिर आने वाले मंगलवार को हमें विशकौनसी फुल गोस्पल बिजनेसमैन की क्षेत्रीय बेदारी के लिए जाना है। वहां मैं तीनों रातों के लिए हूं, यही है... बिली उस शहर का क्या नाम है? [बिली पौल ब्रन्हम कहते हैं, "ग्रीन लेक"—सम्पा।] ग्रीन लेक विसकोनसन ["वीरवार।"] कब? ["वीरवार, शुक्रवार और शनिवार सत्रह से उन्नीस।"] वीरवार, शुक्रवार और शनिवार; सत्रह, अठारह और उन्नीस, ग्रीन लेक विसकोनसन पर, क्षेत्रीय बेदारी सभा।

18 और तब रविवार 18 को, मैं शिकागो हाई स्कूल सभागार में हूं, उसी सभागार में, जिसमें हम पिछली बार थे, उसका क्या नाम है, आपको याद है? [भाई बिली पौल कहते हैं, "स्टीफन माथेर"—सम्पा।] स्टीफन माथेर हाई स्कूल सभागार, रविवार दोपहर बाद।

19 तब फिर सोमवार मैं वहां... मैं उस जगह का नाम भूल गया, जहां प्रभु ने मुझे दिखाया था शिकागो की मिनिस्टरियल एसोसिएशन के समय. लगभग मेरे साथ सभा थी। आप जानते हैं, विचार विमश का क्या विषय था। मैंने कहा, "और परमेश्वर ने मुझे उस स्थान को दिखाया था।" यह ब्रदर जोसफ बोज की विदाई की सभा जो कि कल यहां होनी थी, हवाई जहाज से मुझसे मिलना और उनका एक विदाई समारोह सोमवार को।

20 तब हम सीधे घर को आते हैं, और फिर जाए, क्योंकि फिर यह समय, दक्षिणी पाईन दक्षिण कोरोलीना जाने का होगा या उत्तरी केरोलीना। और फिर नीचे कोलंबस दक्षिणी केरोलीना। और फिर काव पैलेस पश्चिमी किनारे पर। और फिर ग्रास सिटी से होते हुए स्पोकन तक कनाडा में और फिर

अलास्का में। इसलिए हमारे लिए प्रार्थना में रहे, वास्तव में हमें आप लोगों की प्रार्थनाओं की आवश्यकता है।

21 और हमें पवित्र वचन में सिखाया गया है, उन सब के लिए जो परमेश्वर से प्रेम करते हैं सारी बातें मिलकर भलाई उत्पन्न करती है, और मैं विश्वास करता हूं जब से यह और लोगों की ईमानदारी आदि देख रहा हूं... किसी ने कहा, "यह कैसे होगा, और परमेश्वर यह कैसे होने देगा? " मैं वहां सड़क पर जाते हुए मर सकता था या कुछ और उसने किसी भी चीज से बचाया। याद रखे वचन असफल नहीं हो सकता, "सारी बातें मिल कर उनके लिए भलाई करती है, जो परमेश्वर से प्रेम करते हैं।" और यदि, मैं अपने ह्रदय को जानता हूं कि उससे प्रेम करता हूं। मैं—मैं अपने पूरे ह्रदय से उससे प्रेम करता हूं। और यह हमें एक साथ और पास लाता है।

22 और अब मैं सोचता हूं हर कोई जिसने इसे सुना, समझ नहीं सकता, कैसे मेरा सिर या उल्टा कंधा बच गया, आप देखिए, और धमाके में मैं बैठा हुआ था कि *यह* मेरे समीप था जो कि आपके मुंह के ठीक सामने दो हज़ार पाउंड के दबाव का धमाका था। यह आपके टुकड़े–टुकड़े करने के लिए पर्याप्त था, देखिए, यह साफ कर देता। यदि यह स्टील की भारी बंदूक फटती है और नली को पचास गज की सीध में फेंक देती है, और—और वह सामान आपको वह बंदूक देखनी चाहिए थी, यह बंदूक जैसी लग नहीं रही थी, यह टुकड़े वहां से बीने।

23 और फिर, उसमें से बिना किसी खराबी के आ गया, जीवित परमेश्वर की महिमा हो! और इतना ही बहुत, मुझे वहां जाने से रोका जब तक एडी के पास से समाचार आया कि मुझे उस समय तक नहीं आना था। "अद्भुत अनुग्रह, कितना समुद्र सुन पड़ता है, जिसने मुझ जैसे अभागे को बचा लिया!" और इससे हमें मालूम पड़ता है कि परमेश्वर हमारे संग रहता है उसकी सराहना करें, परमेश्वर हमारे साथ है, और हम कितने धन्यवादित हैं।

24 अब मैंने इस प्रात: बताया, मैंने सोचा मैं नीचे जाऊंगा तब वह मूल्यवान भाई यहां जब मैं वापस आऊं... मैंने आज बहन वुड से कहा मैं समझता हूं, भाई नेविल... बिली ने मुझे बुलाया और कहा, "सन्देश को सुनिए यदि आप सुन सकते हैं।" और मैं विश्वास करता हूं कि धातू का वह छोटा टुकड़ा उसने काम चला दिया था, और मेरी आंख के नीचे की ओर चला गया, यह

मेरे लिए एक बुरा मार्ग था, जाने के लिए परंतु अब यह चला गया, उन्होंने इसे धो दिया। और फिर उसने कहा... आज रात्रि मैंने सोचा मैं नीचे जाऊंगा और वह मूल्यवान भाई संभवत: ऐसे प्रचार कर रहा होगा, मैं जानता हूं कि यह क्या है, जब आप एक बड़ी सभा लेते हैं, तो आप वास्तव में गले से खरखरा जाते हैं, आप जानते हैं और—और गला जलता और लगता है इसलिए मैंने सोचा मैं नीचे जाऊंगा, मैंने थोड़े से वचन पढ़ने के लिए चुने। मैंने सोचा, "प्रभु भोज की रात्रि" है।

मैं सदा प्रभु भोज लेना चाहता हूं।

25 तब मेरे थोड़े से मित्र थे, वे यहीं कहीं पर है, जैसा कि आप समझते हैं। मैं ठीक से देख नहीं पा रहा हूं अभी भी आंख में वह दवा है जो कि ढीला कर देती है एक प्रकार धुंधला सा। और इसलिए वे यहां है, मित्रगण और रिश्तेदार, मेरे अच्छे भाई एफ एफ बोसवर्थ के, उस महिमा में। इसलिए प्रभु उन लोगों को आशीष दे, हमने अभी पिछले कमरे में, उनके लिए प्रार्थना की है।

26 अब भूले नहीं, बुधवार रात्रि हमारी मध्य सप्ताह की प्रार्थना सभा है और मैं सोचता हूं भाई जैक्सन, उनकी गुरूवार रात्रि को। और भाई जूनियर यहां पर है... या भाई रुडेल बुधवार रात्रि को है और यूटिका के आराधनालय में बुधवार को। [भाई नेविल कहते हैं, "वह गुरूवार रात्रि को है।"—सम्पा।] गुरूवार रात्रि को। और फिर यहां रविवार प्रात: भक्त मंडली की सभा।

27 और फिर अब, और रविवार रात्रि को मुझे भाई रुडेल के साथ होना है। मैं इसे बुधवार रात्रि को करने जा रहा था, परंतु आने वाले सप्ताहों में, परंतु मैं यह नहीं कर सकता इसलिए मुझे रविवार रात्रि को रखना पड़ा। परंतु अब लोग यहां आराधनालय में, यही आराधनालय में रुकने जा रहे हैं, क्योंकि मैं भाई रुडेल के यहां उस रात्रि बोलने जा रहा हूं, चंगाई सभा के लिए नहीं और याद रखें यहीं अपने कर्तव्य के स्थान पर रहे, यहीं आराधनालय पर। और यह आपका स्थान है, देखिए। और इसलिए हम अच्छे समय की आशा कर रहे हैं। और आप सब हमारे लिए प्रार्थना करें जैसा कि हम आगे बढ़ते हैं।

28 यह विश्वास करते हुए कि परमेश्वर आज रात्रि हमसे प्रभु भोज से पहले मिलेगा। और अब मैं सोचता हूं... क्या यही उद्घोषणये हमारे पास है जो हम जानते हैं? [भाई नेविल "हां" कहते हैं—सम्पा।] अब मार्ग पर... ["कल

दोपहर दो बजे दफनाना है।"] एक दफनाना। ["एडमोनटन. जे टी एस की मां का।"] ओह, हां। दफनाना... हमारे एक सुसमाचार प्रचारक जो इस आराधनालय का है। वह यहां हम में से है वह बाहर जाता है और पास्टर और प्रचार करता एक भाई जे टी परनेल, उसकी बेचारी मां का उस रात्रि देहांत हो गया, झुकी हुई कमजोर बूढ़ी मां और यह एडमोंटोन केंटकी में होगा, कल दफनाने की रस्म होगी। मैं जानता हूं बहुतो को आश्चर्य हुआ, उसके लिए फूल ले सकते थे, परंतु हम नहीं कर सके, और केवल एक तरीका है कि कलिसिया उसे वहां लपेट दे उन्हें फोन करना था और तब ले जाने वाले इसे ले जाएंगे। और इसे कल ही बाहर निकालना है भले ही वहां फूल हो या ना हो इसलिए यह कठिन है। परंतु हम निश्चय ही अपनी सहानुभूति अपने भाई परनैल के साथ बांटना चाहते हैं, जिन्होंने अपनी मां को खो दिया, जो कि मैंने हाल ही में वैसा ही किया है। और मैं निश्चय हूं कि बहन स्वेन्सर और बहुत से दूसरे जो यहां है, वे भी अपनी सहानुभूतियां बांट रहे हैं, जो कि हाल ही में दु:ख कि छाया में से होकर निकले हैं।

29 अब आइए, हम अपने सिरों को प्रार्थना में उसकी उपस्थिति में झुकाये, अब मैं सोचता हूं कि आप मेरे लिए प्रार्थना करें और आज रात्रि यहां देखने में कठिनाई है, कोशिश कर रहा हूं और यह बत्ती चमक मार रही है। और—और मेरी आंख ठीक है, परंतु उन्होंने इसमें थोड़ा सा बेलाडोना डाला है कि इसे फैला दें। आप जानते हैं कि यह क्या है और लगभग छ: दिनों से यह इसी प्रकार है, और उसने कहा कि यह अगले सप्ताह या दस दिनों तक चल सकता है। इसलिए आप मेरे लिए प्रार्थना करें, और फिर इस माईक्रोफोन की आवाज दिवारों से गूंज रही है, आप मेरे लिए प्रार्थना करें, और क्या मैं आपके हाथों को देख सकता हूं और परमेश्वर, जैसे कि आपके पास निवेदन है, तो बस अपना हाथ उठाएं। परमेश्वर, प्रार्थनाओ का उत्तर देता है, जैसे कि हम यहां सत्य भाव से एकत्र हुए हैं, और सिर झुकाए हैं।

30 हमारे स्वर्गीय पिता, आपने चुना है कि हम यहां एकत्र हो। यह परमेश्वर की इच्छा है कि हमें एक साथ एकत्र होना चाहिए जैसा कि हम देखते हैं, वह दिन समीप आ रहा है और प्रभु हम निरंतर अपने आपको आपके समीप ला रहे हैं, और संगति के बंधन में एक दूसरे के समीप, यीशु के बहाए हुए लहू के द्वारा, जो कि इसे सम्भव करता है।

31 आज रात्रि हम बहुत ही आभारी है, प्रभु, यहां मैं—मैं—मैं इतना आभारी कभी नहीं हुआ। प्रभु, मैं, मैं आपको बहुत ही धन्यवाद देता हूं, मैं शब्दों को नहीं पा सकता कि आपको कितना धन्यवाद प्रगट करूं कि अपनी दृष्टि और सुनने के साथ और यहां पृथ्वी पर जीवतो के साथ हूं कि सुसमाचार को जारी रखू, प्रभु यह हमें बहुत ही सरहानीय बनाता है, जब हम जानते हैं कि यह कितना समीप है... जब बहुत समझदार लोग अपना सिर खुजाते और कहते कि, "यह कभी कैसे हो सकता है? केवल परमेश्वर का हाथ है!" तब मैं अपना सिर नम्रता से झुकाता हूं, प्रभु यह देखते हुए कि ये आश्चर्य कर्म मेरे को प्रदान किए यह वहां घटित होते हैं, जहां भी आपका दास खड़ा हुआ, मैं बहुत ही धन्यवादित हूं। और अब पिता, मैं अपने जीवन को आपकी सेवा में फिर से समर्पित करता हूं, वहां से निकलने के बाद अपने जीवन में मृत्यु के इतने समीप कभी नहीं आया और फिर जीवित इसलिए धन्यवादित हूं।

32 और अब मैं इन सब लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं जिन्होंने अपने हाथों को उठाया हुआ है, उनमें से प्रत्येक का एक निवेदन है और बहुत से लोगों का धन्यवाद देना, लगभग सारे, प्रभु इनके ह्रदयो में, क्योंकि आपने उनके लिए भी जो किया है।

33 अब आज रात्रि हम एक बहुत ही विशेष अवसर पर एकत्र हुए हैं कि हम उसे ले जिसे हम "संवाद," करना कहते हैं, या, "प्रभु का भोज" *संवाद* "किसी से बात करना या किसी के साथ वार्तालाप।" और हम यही जो अब कर रहे हैं प्रभु, अपने प्रभु, से वार्तालाप करना, संवाद, बात करना, उसके उत्तर पाने के लिए प्रतीक्षा करना।

34 और अब पिता हम यह प्रार्थना करते हैं, कि आज रात्रि आप हम से लिखित वचन से बातचीत करेंगे, और हमारे ह्रदयो में कुछ देंगे कि हमारी—हमारी—हमारी यात्रा व्यवस्थित रहे, प्रभु, और हमें नया साहस दे, और हमारे पास्टर को आशीषित करे, प्रभु, हमारा मूल्यवान भाई, आपका दास और उसकी पत्नी और परिवार और डिकन और ट्रस्टी और हर व्यक्ति, जो कलीसिया में आता है। ओह परमेश्वर, हमे अपने समीप खेच ले, होने पाए ऐसा हो जैसा कवि ने कहा, "धन्य है हमारे ह्रदय जो मसीही प्रेम के बंधन में हमें बांधता है, हमारी संगति, संगोत्र विचार ऊपर के समान हो।" प्रभु इसे प्रदान करें। सारे उपासको को, सारे संसार में आशीषित करें और अब

पिता हमारे लिए जीवन की रोटी तोड़े जैसा कि हम तेरी प्रतीक्षा करते हैं। यीशु मसीह के नाम में, तेरे प्रिय पुत्र में मांगते हैं। आमीन।

35 अब, बहुत से लोग उन वचनों को चिन्हित करना चाहते हैं, जहां से सेवक पढ सकता है। और मैं... इस दोपहर बाद, इस दोपहर बाद के बाद मैं बाहर भाई और बहन वुड के साथ था... हम अपने भाई को गोबल रोबेरसन को मिलने गए और इसलिए हम उनके प्रदर्शनी के कमरे में थे इस प्रकार से हम वापस आए। और मैंने सोचा... बहन वुड मुझे बता रही थी कि आज रात प्रातः हमारे पास्टर ने कितना शानदार संदेश दिया। और मैं ऐसा हुआ उस बेचारे के लिए सोचता हूं हो सकता है गला बैठा हुआ हो और मेरा भी है, परंतु मैं—मैं मैंने सोचा हम इसे मिल कर ले सकते हैं, संभव है, यदि वह मुझे बोलने के लिए कहे, और मैंने यहां थोड़ी सी टिप्पणियाँ ले ली है जिन पर मैं बात करना चाहूंगा।

36 पहले हम दूसरा कुरिन्थियों 6:7 से 10 निकाले, पहला कुरिन्थियों 6 वां अध्याय सातवे से दसवे पद तक, और फिर उत्पत्ति 14:18 से 19 और वहां से लिया, प्रभु ने चाहा... एक प्रसंग मूल पाठ में से और अब मैं पढ़ूंगा... या दूसरे कुरिन्थियों, पहला, दूसरा कुरिन्थियों 6:7 से 10।

सच्चे प्रेम से, सत्य के वचन से, परमेश्वर की सामर्थ से; धार्मिकता के हथियारों से, जो दहिने और बांय है,

आदर और... निरादर से, दूरनाम और सुनाम से यधपि भरमाने वालों के ऐसे मालूम होते है तो भी सच्चे है।

अनजानो के सदृश्य है तो भी प्रसिद्ध है; मरते हुओं के ऐसे हैं और देखो जीवित है; मार खाने वालों के सदृश्य है परंतु प्राण से मारे नहीं जाते,

शौक करने वालों के समान हैं, परंतु सर्वदा आनंद करते हैं, कंगालो के ऐसे हैं, परंतु बहुतों के धनवान बना देते हैं; ऐसे है जिसे हमारे पास कुछ नहीं, तो भी सब कुछ रखते हैं।

उत्पत्ति 14:18 और 19

तब शालेम का राजा मलिकिसिदक जो परम प्रधान ईश्वर का याजक था, रोटी और दाखमधु ले आया...

और उसने अब्राम को यह आशीर्वाद दिया, कि परम प्रधान की ओर से, जो आकाश और पृथ्वी का अधिकारी है, तू धन्य हो;

37 और यदि मैं इसे मूल पाठ कहूं तो मैं इस विषय पर बोलना चाहूंगा... *सब चीजों पर अधिकार रखते हैं,* जैसे कि यहां कुरिन्थियों में है, हम... यह कहा कि हम निर्धन है, तो भी सब कुछ रखते हैं, *सब कुछ रखते हैं,* अब मैं इसे पसंद करता हूं। अब हम उत्पत्ति में पढ़ते हैं कि अब्राहम इस महान पुरुष जो मलिकिसिदक कहलाता है, से भेट कर रहा है जो कि स्वर्ग और पृथ्वी दोनों का अधिकारी है, तो वह सारी चीजों का अधिकारी है, स्वर्ग और पृथ्वी का अधिकारी, यही सारी चीजें हैं।

38 अब हम अब्राहम की कहानी जानते हैं, और क्या हुआ था। उसको एक—एक कर्तव्य के स्थान पर बुलाया गया। वह अपने देश में से बुलाया गया, कसदियो के देश ऊर नगर से, जहां वह अपने पिता और लोगों के साथ था और यह शिनार की घाटी में है, संभवत: एक बहुत ही उपजाऊं भूमि। और अब्राहम जैसा कि हम समझते हैं, संसार की दृष्टि में कोई विशेष व्यक्ति नहीं था, बल्की ना वह एक राजा था या शासक था या एक शक्तिशाली। वह बस साधारण मनुष्य था। और उसने अपने रिश्ते की बहन जो कि साराह थी, विवाह किया था, और संभवतः उससे तब विवाह किया जब वह एक युवा स्त्री थी, और परमेश्वर ने उसे 75 वर्ष की आयू में बुलाया, सेवकाई के जीवन में, और इसमें उसकी संगनी सहायक भी शामिल थी।

39 और हम ठीक यहां से आरंभ कर सकते थे। मैं विश्वास करता हूं कि जब परमेश्वर मनुष्य को सेवकाई के लिए बुलाता है और यदि वह विवाहित मनुष्य है, और उसकी सहायक भी है, उसने उसकी पत्नी को भी साथ बुलाया क्योंकि वे दो एक है। और इस प्रकार जहां कहीं भी हम इसे आगे पाते हैं, परमेश्वर संभवतः साराह को मार डालता, जब उसने स्वर्गदूत के संदेश पर सन्देह किया, पच्चीस वर्षों के पश्चात, जब वे बांज के वृक्ष के तले बैठे थे, उस दिन, परंतु जब स्वर्गदूत ने उसे बताया और वहां हंसी थी, या अपने में या अब्राहम को बताया कि वह मां बनने जा रही है। और कहा, "मुझे कैसे हो सकता है, मैं बूढ़ी? " नब्बे वर्ष की और उसका पति सौ वर्ष का वर्षों पहले उसकी कोख सूख चुकी थी, उसकी देह मरे हुए के समान थी, तो फिर वह अपने पत्नी के साथ उस सुख को फिर से कैसे पा सकती है? और वह अपने में हंसी।

40 और स्वर्ग दूत जिसकी पीठ तंबू की ओर थी घूमा, और बोला, "साराह क्यों हंसी? "

41 और उसने इस बात का इन्कार किया। अब यह ऐसा है कि परमेश्वर को उसके मुंह पर यह बताना कि तू "गलत" है। देखा? और यह उसका जीवन ले लेता, परंतु परमेश्वर साराह को ना ले सका, क्योंकि वह अब्राहम का भाग थी? और वह उसके साथ वाचा में थी, इसलिए उसके संग जाना था। इसलिए वह अब्राहम को ना ले सका... याने साराह को बिना उसके भाग अब्राहम के क्योंकि वे दो एक थे।

42 हमारा आज का एक प्रतीक, अयोग्य, जब हमने पाप किया, तो मृत्यु के योग्य थे, परंतु परमेश्वर हमें ना मार सका, क्योंकि वह करता... हम मसीह के भाग थे। समझे? यह हम पर अनुग्रह है, क्योंकि हम मसीह के साथ जुड़े हुए हैं, क्या यह सुंदर विचार नहीं, मसीह के साथ जुड़े हुए? इसलिए हमारे पाप, जब हम उन्हें करते हैं, हमें तुरंत उन्हें मान लेना चाहिए कि, "यह गलत है, " क्योंकि परमेश्वर हमारा जीवन ले लेता। परंतु लहू हमारे स्थान पर उत्तर देता है, और परमेश्वर उस लहू के पार नहीं जा सकता। समझे? वह यह नहीं कर सकता क्योंकि यह प्रतिज्ञा है कि वह इसे नहीं करेगा। इसलिए वह अपनी प्रतिज्ञा नहीं तोड़ सकता। समझे? इसलिए परमेश्वर ने स्वयं को ही लिया, जैसा कि वह जुड़ गया था, देखिये, इसलिए वह अपनी प्रतिज्ञा नहीं तोड़ सकता, और उसने यह प्रतिज्ञा लहू में से होकर की, जो कोई भी विश्वास करें उसके पास अनंत जीवन है, और वह इस प्रतिज्ञा को नहीं तोड़ सकता।

43 इसलिए हम पाते हैं अब्राहम ने आज्ञाकरिता में अपना घर छोड़ दिया, अपने देश को छोड़ दिया और हर चीज से अलग हो गया, संसार की सारी प्रतिष्ठा, अधिकार से कि अनजाने देश की यात्रा करे, परदेसी हो जाए। कलीसिया का एक प्रतीक। हमें हर चीज छोड़ने के लिए कहा गया, जो इस संसार में है, ताकि मसीह का अनुकरण करें।

44 अब हम पाते हैं, अब्राहम अनुकरण कर रहा है, वर्ष दर वर्ष। और उसने कुछ भाग अपने साथ ले लिया, जो कि उसका पिता था, और वह भी मर गया। और फिर उसने भतीजे को लिया जो कि लूत था, और लूत ने विवाद के कारण स्वयं को अलग कर लिया और सादोम में रहने के लिए नीचे चला गया फिर भी वह अब्राहम का भाग था। और परमेश्वर ने भूमि दी और जो

भूमि पर था वह अब्राहम को, वह उस सब का वारिस हुआ। परमेश्वर ने कहा, "पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण को देखा और यह सब तेरा है, और तेरे बाद तेरे वंश का। सब तेरा है!"

45 अब एक दिन अब्राहम पर कठिन समय आया, और लूत आराम में, पाप के भराव में, यह कितना सरल है, और पाप कितना सुखमय दिखता है और यह कितना निर्दोष दिखाई पड़ता है। अब यदि लूत यह कहता है, "जब तक मैं विश्वास करता हूं! मैं परमेश्वर में विश्वास करता हूं, इसलिए मैं क्यों नहीं यहां सादोम में जा सकता, और—और यह ठीक रहेगा। मैं एक विश्वासी हूं।" परंतु यह ठीक नहीं था।

46 देखिए, जब परमेश्वर ने अब्राहम को बुलाया तो उसने उसे हर चीज से अलग होने के लिए बुलाया। और यही जो हमें करना है। परमेश्वर हमें पाप से पूरी रीती से अलग होने के लिए बुलाता है, "इसके बीच से बाहर निकलो, इसके भागी ना बनो!" इसे छोड़ दो, बुराई का थोड़ा सा भी प्रगट होना, पूरी रीती से अलग, अस्तित्व से अलग! इससे अपनी दूरी बना कर रखें, इसकी भूमि पर ना चले, कोई मतलब नहीं यह कितना—कितना... अच्छा दिखता है।

47 आप लोग, आप यहां सोच सकते हैं, यहां यह है, "भाई ब्रन्हम, मुझे—मुझे कभी–कभी चोरी करने की चाह होती है," या कुछ स्त्रियां सोचती है, "मुझे संसार के लोगों की तरह कपड़े पहनने की इच्छा होती है, आप जानते हैं, असभ्य वस्त्र और चीजें मुझे इच्छा हुई," युवा महिलाएं। अब आप सोचते हैं यह लुभाने वाला है, यहां के बारे में क्या है, जहां आपकी सेवकाई में हर छोटा सा व्यवहार देखा जाता है, यहां क्या ही महान बात है, और उन्हें कितना अधिक उत्तर देना होगा, क्योंकि आपको अपने प्राणों के लिए उत्तर देना होगा, परंतु हमें सबके लिए, जिन से हम बोलते हैं। समझे? इसलिए शैतान निरन्तर... भाई आप कहते हैं: "क्या सुंदर छोटी वेशभूषा नहीं? यह पहनना गलत है, परंतु क्या यह सुंदर नहीं? यह मेरे को बिल्कुल ठीक आएगा," यह मेरे लिए... अब आप यह जानते हैं, यह गलत है, परंतु सेवक में यह है, आपको इस सभा में जाना चाहिए, बस यही है, जो वे कहते हैं यह इतनी भक्त मंडली है, और फिर भी तुम्हें प्रतीक्षा करनी है, और सुनिए परमेश्वर करता है, "जाओ।" देखो, "ओह, क्या आप वहां जाएंगे और देखें यह व्यक्ति यहां पर है? यह *अमूक–अमूक*।" और आपको

ध्यान देना है, चौकने रहे। समझे? ओह, यह इतना चालाक है, हमें इन चीजों पर ध्यान देना है।

48 अब अब्राहम को भी इस पर ध्यान देना था। परंतु वह बजाये इसके कि वह नीचे सादोम में जाये, लूत के संग, उसने अपने आपको अलग किया और रेगिस्तान में चला गया, और प्रभु के थोड़े से ठुकराए हुए लोगों के साथ मार्ग लिया। हमारा विचार ऐसा होना चाहिए, परमेश्वर के लोगों के साथ अपना मार्ग ले, चाहे वह कठिन या सरल हो, जो भी हो जाए, किसी भी समय जाने के लिए तैयार रहें, अब वह आपको कहीं भी बुलाये।

49 अब इसके आने के बाद, वहां—वहां एक राजा आया, जिसने इस छोटी सी जाति के लोगों से युद्ध किया और सारी घाटी में छा गया, और छोटे–छोटे से झुंडो को ले लिया, छोटे–छोटे राज्य और लिया और सादोम में आया और सादोम के राजा को लिया और गमौरा के, लूत को लिया (अब्राहम का भतीजा), उसकी पत्नी, उसकी लड़कियां, उसके बालक, उन सब को और उनकी सारी संपत्ति जो उनके पास थी और आगे निकल गया जाते हुए राष्ट्र को साफ कर दिया। ओह, क्या ही भयानक बात है। पाप की मजदूरी मौत है! कोई सन्देह नहीं लूत ने अनुभव किया, वहां साथ–साथ जा रहा था, हो सकता है, जंजीर या रस्सी उसके गले में एक गुलाम के समान; उसके बालक और युवा लड़कियों को सताने को, उसकी पत्नी और हर चीज और संभवत: किसी भी समय मर सकते हैं, उसने एक आज्ञा का उल्लंघन किया और हो सकता है, दूसरे राज्य में जीवन के बाकी दिनों के लिए गुलाम होने के लिए जा रहे हैं।

50 परंतु अब्राहम, जब उसे पता लगा कि लूत भी ले लिया गया, वह अब्राहम के अधिकार का भाग था। और अब्राहम यह कह सकता था, "परमेश्वर आपने मुझे बताया है कि यदि मैं आपका आज्ञाकारी रहूंगा, और इस देश में चलूंगा–फिरूंगा, तो यह आप मुझ को देंगे। यह मेरा है। और लूत इसका भाग है, और मैं उसके पीछे–पीछे जा रहा हूं।" उसने रक्षक सेना ली या अपने दासो को इकट्ठा किया, और उन्हें हथियार दिए और उसने अपने दासो को लेकर उनका पीछा किया, जब तक उस राजा को पा नहीं लिया उन दूसरे छोटे राज्यों के साथ, देखिए, तब वे कितनी बड़ी सेना थे! परंतु परमेश्वर के निर्देशन के आधीन, वह मुख्य आधिपति, उसने स्वयं को अलग किया उन पर टूट पड़ा, और राजाओं को घात किया और

लूत को वापस ले आया और उन सारे राज्यों को वापस ले आया, उन्हें उनके देश में फिर से वापस ले आया।

51 मसीह का चित्रण अब्राहम में कैसा है, शत्रु का पीछा करके हर चीज को पकड़ लिया, और मसीह आया और हम सब को फिर से वापस ले आया।

52 अब हम इस महान कहानी में पाते हैं कि अब्राहम विजय पाने के बाद वापस आ रहा था, उसने स्वर्ग और पृथ्वी के अधिकारी से भेंट की, मलिकिसिदक से, जो कि यरूशलेम का राजा है, शालेम का राजा जो कि यरूशलेम है, जो कि शांति का राजा है जो कि धर्म का राजा है। उसका ना पिता है और ना माता है, वह ना कभी आरंभ हुआ, और ना कभी उसका अंत होगा, तो यह और कुछ नहीं सिवाये सर्वशक्तिमान के जब वह राजाओं को मार कर घर की राह पर था, उससे मिला, वह अधिकारी से मिला, जो सब चीजों पर अधिकार रखता है, वापस राह पर, उससे मिला। क्या ही शानदार बात है! अब अब्राहम...

53 मुझे यह अच्छा लगता है, प्रतिज्ञा के द्वारा, अब्राहम सब चीजों का वारिस था, इसलिए हर चीज जो देश में थी उनका दावा कर सकता था और राज्य का भी, अब्राहम को यह प्रतिज्ञा दी गई थी। अब हम समझते हैं, कि अब्राहम सारे राष्ट्रों में निर्धन पुरुष था, क्योंकि वह रेगिस्तान में रहता था और परमेश्वर के साथ शांति से रहा। और लूत धनी, नगर में रहा, और नगर का अधिकारी हो गया था, वह फाटक पर बैठा, वह अन्यायी था, और नगर का न्याय करता और सारी धन–संपत्ति और चीजें थी। परंतु अब्राहम रेगिस्तान में था, और... संभवत: देश का निर्धन पुरुष और फिर भी सब चीजों का अधिकार होने का दावा करता है। आमीन! यही जो मुझे अच्छा लगता है।

54 ओह, आज रात्रि, हम संसार की चीजों में धनी ना हो, परंतु हर हम सारी चीजों के अधिकारी हैं, कलीसिया अपने में सब कुछ रखती है जबकि निर्धन है, फिर भी धनी है और सारी चीजें रखते हैं। मुझे यह पसंद है। वह... हम—हम हैं। वह पुराना गाना जो वर्षों पहले हम गाया करते थे, "मेरा पिता धनी है, और घरों और भूमि के साथ, वह संसार की सारी संपत्ति अपने हाथों में रखता है, मानिक और हीरे, चांदी और सोना उसके भंडार भरे हुए, उसका अनकहा धन।" और हम उसके अधिकारी, क्योंकि

हम राजा के बालक है। आमीन, बालक सदा वारिस होता है। हम जानते हैं। ठीक है।

55 अब्राहम इस पर अधिकार रख सकता था, फिर भी निर्धन, उसके मवेशी भूखे थे; लूत ने अच्छी भूमि ले ली। उसके पास जल कम था। गर्मी के दिन, और चरवाहे कठिनाई में और ऐसा लगता था कि हर चीज।

56 अब्राहम के लिए विपरीत थी, तो भी वह सब कुछ रखता था। और आज सच्चा विश्वासी लोगों के बीच से निकाला गया, "हठधर्मी और पवित्र शोर करने वाला," कहलाया या किसी और प्रकार का अपमानित नाम, एक प्रकार का धर्मी कट्टर, फिर भी सारे स्वर्ग और पृथ्वी का वारिस। "धन्य है, वे जो नम्र है, वे पृथ्वी के अधिकारी होंगे।" ओह, प्रभु! आपको किसी छोटे कमरे या किसी चीज में धकेल दे, मुश्किल से किराए के पैसे हो कि भुगतान करें फिर भी आप सब कुछ रखते हैं आमीन, थोड़े से पैसों के लिए परिश्रम और पसीना बहाते हैं कि कमाये... ईमानदारी से जी रहे हैं कि अपने बच्चों के पैरों में जूतियां पहनाये। और उन छोटे मुंह को खाना दे और फिर भी यहां की हर चीज के वारिस है, "नम्र पृथ्वी के अधिकारी होंगे," वे इसके अधिकारी। ओह, मुझे यह अच्छा लगता है। पृथ्वी के अधिकारी! क्या है? विश्वासी। विश्वासी के पास सरनामा, सार, और दस्तावेज है, यह ठीक बात है, यीशु मसीह के द्वारा, "वह समस्त आकाश मंडल का अधिकारी होगा।" यह ठीक बात है। "नम्र पृथ्वी के अधिकारी होंगे।"

57 अब्राहम उस देश का अधिकार रख सकता था—था, क्योंकि... और उस पर क्या था, परमेश्वर ने यह उसे दिया और लूत उस देश का भाग था, इसलिए अब्राहम का उस पर अधिकार था। वह—वह सकता था या फिर उस पर अधिकार कर सकता था। उसने कहा, "अब परमेश्वर आपने मुझसे प्रतिज्ञा की है, यह देश का क्या था और इसमें का सब मेरा था, और आपने मुझ से प्रतिज्ञा की। अब मेरे निकट कुटम्बी ने यह ले लिया, और जो उसके पास था, चला गया।"

58 दूसरे शब्दों में, यदि मैं आज इसे लागू करूं, मैं कहूंगा कि कलिसिया इसे कर सकती है, "प्रभु परमेश्वर, यहां मेरा भाई है, वह यहां पड़ा है, कैंसर से ग्रस्त है। यह टी बी से ग्रस्त है। यह *इससे–उससे* ग्रस्त है। मेरे पास प्रतिज्ञाये है, यह मेरे अधिकार में है, आपने, आपने मुझे ऐसा बताया है!" आमीन! आप वहीं पर है। तब, तब आप शत्रू का पीछा कर सकते हैं,

शैतान का और उसे वैसे ही घात करेंगे जैसे अब्राहम ने राजाओं को घात किया और अपनी संपत्ती वारिस ले आया। आमीन। यह मुझे पसंद है। यह विश्वासी के लिए है।

59 अब्राहम का प्रतिज्ञा पर अधिकार था, और प्रतिज्ञा उसकी थी फिर भी उसे अधिकार में लेने के लिए युद्ध करना था। आमीन। आप वही है। आज विश्वासी, फिर भी हम सारी चीजों के वारिस है, फिर भी हम हर आत्मिक आशीषो के, हर शारीरिक आशीष, हर आशीष जिसकी प्रतिज्ञा बाईबल में है हमारी है, और फिर भी आपको हर इंच के लिए युद्ध करना होगा। परमेश्वर ने इसे इसी प्रकार से तय किया है। यह सदा से ऐसा ही रहा है। आप जो जानते हैं कि यह आपका है इसको अधिकार में लेने के लिए आपको युद्ध करना पड़ेगा। और यही जो अब हमें करना होगा।

60 आप कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, मुझे चंगाई की आवश्यकता है।"

61 प्रतिज्ञा आपकी है। परंतु यदि आप इसे कभी लेते हैं, तो आपको सरलता से मिलने वाला नहीं, मैं आपको यह बताने जा रहा हूं, आपको इसे शैतान से छिनना होगा। शैतान ने आपका स्वास्थ झपट रखा है, आपके पास अधिकार है कि शैतान के पास जायें, कहे, "ये वापस कर दे! मेरे हवाले कर दे! मैं प्रभु के नाम में आया हूं। स्वर्ग और पृथ्वी का अधिकारी है, और मैं उसका वारिस हूं। इसे वापस कर। तूने मेरे बालक को ले लिया, तूने उसे गलत लड़कों के साथ मिला दिया, तूने मेरे लड़के को लेकर गलत लड़कियों के साथ मिला दिया। मैं उनका दावा करता हूं! यह ठीक बात है। मैं अपने बालकों का दावा करता हूं, मैं अपने भाई का दावा करता हूं, मैं अपनी बहन का दावा करता हूं, हां, शैतान तू ने उन्हें परमेश्वर के घर से ले लिया, तू ने उन्हें यहां हौसला लिया, परंतु मैं उनके पीछे आ रहा हूं। मैं उनका दावा करता हूं।"

"अच्छा, तूम कैसे जानते हो? "

62 "मैं सारी चीजों का वारिस हूं। जिनकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने मुझसे की है।" आमीन। आप वही है। "यह मेरा है।" तुम को यह कैसे मिला तुमने कुछ किया है? नहीं, श्रीमान? यह मुफ्त का वरदान जो परमेश्वर ने हमें दिया है, और यह हमारा है, यह हमारा है, शैतान अपने पास नहीं रोक सकता, यदि आप उसके पास पवित्र वचन के अधिकार के साथ विश्वास के साथ जाते हैं, यह कहे, "यह मेरा है! इसे छोड़ दें।" आमीन, महिमा

हो! मुझे यह पसन्द है। "शैतान, तू इसे छोड़ दे, तू ने यह मुझ से लिया है। तू इसे वापस कर क्योंकि मैं तुझे यह अधिसूचना दे रहा हूं तेरे पास यहां यह वचन में लिखित सूचना है, 'स्वर्ग और पृथ्वी टल जाएंगे परंतु यह अधिसूचना नहीं टलेगी।' इसलिए मैं इस नोटिस के साथ आता हूं कि तुझे दूं कि यीशु मसीह ने कहा, कि पिता से मैं जो कुछ भी उसके नाम से मांगुगा वह मुझे देगा। यदि मैं इस पहाड़ से कहूं, 'हट जा,' और अपने ह्रदय में संदेह ना करूं, परंतु विश्वास करूं जो मैंने कहा। वह घटित हो जाएगा, जो मैं कहूंगा मैं ले सकता हूं इसे छोड़ दें!" इससे वह शुरू हो गया, उसे शुरू ना करने दें, उसे भगा दे। "छोड़ इसे, क्योंकि मैं वचन के अधिकार के साथ आया हूं। मैं एक विश्वासी हूं।" समझे आप? जी हां। जी हां, श्रीमान।

63 उसने पहले क्या किया, अब्राहम ने इसे करने के लिए? उसे अपना विश्वास ठोस चट्टान पर रखना था परमेश्वर के प्रतिज्ञा की नीव, वचन पर। उसके पास थोड़े से सेवकों का झुंड था, संभवतः है एक दर्जन। और हो सकता है, वहां हजारों हथियार बंद पुरुष हो, और इसके इसके लोग सिपाही नहीं थे, वे नौकर, चरवाहे, पशु चराने वाले, चरवाहे। संभवतः पुराने जंक वाले चाकू, जो कहीं से उन्होंने उठाए, और डाल दिए... वहां पर, उन पर बहुत सी बारिशे निकली और जंकीले हो गए थे। परंतु अब्राहम उन जंकीले चाकूओं को नहीं देख रहा था, या ढाल बिल्कुल है ही नहीं। उसने अपना विश्वास परमेश्वर के वचन पर रखा। आप वही है। यही जो आप काम करता है। यही है वह।

"जब आप वहां पहुंचते हैं तो आप कैसे लड़ने जा रहे हैं? "

64 "यह मुझ से नहीं, मेरा यह है कि मैं अपना विश्वास जो परमेश्वर ने कहा उस पर रखू। यह मेरा है। जो मेरा है। मैं उसका पीछा करने जा रहा हूं।" आमीन। अब जो बीमार है, वह इसे देख सकते हैं, बीमारियां तभी समाप्त होने जा रही है। समझे? निश्चय ही।

65 जब पापी देख सकता है कि तुझे पाप नहीं करना है! बहुत सारे लोग वे पाप करते हैं, क्योंकि उन्हें माफ करना ही है, यह दयनीय रूप है, जब आप कहते, "पाप करना ही हैं।" परंतु जब आप अनुभव करते हैं कि आपको अब और पाप नहीं करना है! वहां लोग खड़े होते हैं, और कोसते है और आपके मुंह पर हंसते हैं और—और आपको "मूर्ख" कहते हैं और सब कुछ, वे

जान बूझकर पापी है तो फिर उनके लिए कोई आशा नहीं। परंतु वह मनुष्य जो किसी चीज को निरंतर करता रहता है, वे यह नहीं करना चाहते, वह चोरी करता है, वह करना नहीं चाहता, वह झूठ बोलता, वह बोलना नहीं चाहता। वह—वह चीजों को करता है, जो वह—वह नहीं करना चाहता, वह पापी नहीं होना चाहता। उसके लिए आशा है, यदि आप उसको देख सकने दे कि सत्य क्या है। समझे? परमेश्वर की आज्ञा पर आये और अपना विश्वास उस पर रखें और शत्रू के पास जाए, तो वह बस आपको और पकड़े नहीं रह सकता बस हो गया, क्योंकि यह आपका है।

66 अब आइए, इस व्यक्ति को देखे, यहां अब्राहम ने कहा, "मैं वारिस हूं, यह मेरा है, हर चीज जो इस देश में है, मेरी है, क्योंकि... परमेश्वर... यह अभी मुझे नहीं मिला।" परंतु यह उनके पास है, जो भी है, यह उसका है।

67 अब हम हर चीज के वारिस है। बाईबल में सारे में यह कहा है, हम सब चीजों के वारिस है, सारी चीजों के, अभी हमारे अधिकार में नहीं है, परंतु यह हमारा है। आमीन। ओह, महिमा हो! मेरे पास एक इंच भी भूमि नहीं है, परंतु यह सब मेरा है, जो भी है, निश्चय ही यह सब हमारा है, कलिसिया के लोगों का, विश्वासियो का मसीह की दुल्हन का जर्रा–जर्रा उसका है। रूस इसके लिए लड़ रहा है, संयुक्त राज्य *इसके* लिए लड़ रहा है, यह *उसके* लिए, वह *उसके* लिए, वहां है और फिर वे हमें "पागल" कहते हैं, बस शांत रहे, जो भी है। यह आपका है। आमीन। जो भी है इसके सारे वारिस गिरने वाले हैं, उन्हें लड़ने दे एक दूसरे पर वार करने दे, यह हमारा है, हम ही हैं जो इसे लेंगे, वे इसे कभी सोच भी ना पायेंगे। परंतु हम जो भी है, हम हैं। चाहे जो करे।

68 किसने ऐसा सोचा होगा कि यह बेचारा बूढ़ा मनुष्य जो वहां पर है, वे बेचारे बूढ़े दुर्बल, दुबले पशु, वहां पहाड़ की चोटी पर, इस सब के अधिकारी है? सारा फिलिस्तीन इसका है। जी हां श्रीमान। इसलिये जब यह स्थान पर आता है कि शक्ति प्रदर्शन करे, परमेश्वर ने सिद्ध किया कि वह उसके साथ है। उसने थोड़े से लोग लिये और वहां जाकर और सब को घात किया और अपनी संपत्ति को वापस ले आया। आमीन। मुझे अच्छा लगता है। क्यों? उसने अपना विश्वास परमेश्वर की प्रतिज्ञा की चट्टान पर रखा, यही जो यह लेता है, उसने दूसरी नीव नहीं बनायी जाओ, और संस्था के सदस्य हो जाओ या ऐसा ही कुछ ले लो, उसने अपना विश्वास प्रतिज्ञा पर

रखा! आमीन। यही है, उस प्रतिज्ञा पर और वह वहां आगे बढ़ गया! जंग लगी तलवार या जंग लगी तलवार नहीं, इससे उसे कोई अंतर नहीं पड़ता, उसके पास उसका विश्वास जो प्रतिज्ञा पर रखा है।

69 और जब प्रार्थना करवाने के लिए आप आगे आते हैं, यदि आप उद्धार चाहते हैं, यदि आप दिव्य चंगाई चाहते हैं, कोई मतलब नहीं, क्या है। यदि आप एक विश्वासी है, तो आप हर प्रतिज्ञा के वारिस है, इसलिए अपना विश्वास प्रतिज्ञा पर रखें और आगे बढ़े और शैतान को बताएं, "इसे वापस दे! इसे वापस दे, यह मेरा है," वह आपको धोखा ना देने पाए, ठीक उस लीक पर खड़े रहे, वह इसे वापस कर देगा। परमेश्वर ने कहा वह कर देगा, इसलिए उसे यह करना होगा। यह आपका अधिकार है। यह ठीक बात है, सारी चीजों के वारिस!

70 वह उस नीव पर टिका रहा, प्रतिज्ञा का वचन, उसके पास एक वारिस था। वह इस बात को जान गया कि वह वारिस था। ठीक है, श्रीमान, जब उसकी प्रतिज्ञा उस पर प्रमाणित की गयी, उसकी संगति, उस प्रतिज्ञाकर्ता के साथ हो गई थी (मुझे यह अच्छा लगता है) परमेश्वर के प्रतिज्ञा करने के बाद। और फिर देखिए, इसके पहले अब्राहम पर कोई परीक्षा नहीं थी, इसलिए वह... इस प्रकार का इसलिए उसे मालूम पड़ गया कि यह सब उसका है और यह प्रतिज्ञा थी। अब तक उसे कभी भी सेना से लड़ना नहीं पड़ा, वह इस विषय में कुछ नहीं जानता था। वह—वह लड़ने के लिए प्रशिक्षित नहीं था, अब्राहम लड़ाकू नहीं था, वह एक किसान था। और अब्राहम कुछ नहीं कर सकता था, क्योंकि वह—वह सिपाही नहीं था। उसके आदमी सिपाही नहीं थे, वे किसान थे, इसलिए केवल एक ही चीज थी कि वह परमेश्वर की प्रतिज्ञा को ले और अपना विश्वास प्रतिज्ञा पर रखें, और बाहर निकल कर पीछा करें। तब जब अब्राहम ने देखा कि उसके पास प्रतिज्ञा है, यह पाया कि परमेश्वर उस पर प्रमाणित कर सकता है, वह अपनी प्रतिज्ञा बनाए रखता है... आमीन! यह बात है।

71 यदि आपने कभी भी पवित्र आत्मा नहीं पाया, अभी तक, इस विषय में कुछ नहीं जानते है, आपके ह्रदय में कुछ कोई बताता है कि आप इसे चाहते हैं, आप वही टिके रहे। यह अनंत जीवन हैं, यही है, जिसके आप वारिस है। वही टिके रहे, और देखिए शैतान आपके सामने कहे, "तू लुटेरा है, तू

ही है! और मैं उसे लेने आया हूं, जिसको पाने के लिए यीशु मसीह ने जान दी है, अब इसे वापस कर! मेरे मार्ग से हट जा!"

72 तब, पहली बात जो आप जानते हैं, पवित्र आत्मा आप पर उंडेला गया है। तब कुछ घटित हुआ। कुछ घटित होगा। यह क्या है? परमेश्वर ने प्रमाणित किया है कि वह अपने वचन को बनाए रखता है। यह बिल्कुल ठीक है। तब देखिए, तब जब आप देखते हैं, जो वचन आपको प्रमाणित किया गया है कि आप बच गए हैं, आपके पास पवित्र आत्मा है, तो क्या? अब्राहम ने जीत पा ली थी, यहां वह वापस आ रहा है; वह अपना विश्वास वचन पर रखते हुए वापस जा रहा था, ताकि वह इसे वापस ला सके उसने क्या खोया था, और यहां वह उसके साथ वापस आ रहा था, जय के कदमों के साथ। यही चीज आप कर सकते हैं। यदि आपके पास अनंत जीवन नहीं है, परमेश्वर से मांगे। अपने पापों को स्वीकार कर ले, परमेश्वर के पुत्र पर विश्वास करें, पवित्र आत्मा के बपतिस्मे को स्वीकार करें और कहें, "परमेश्वर, मैं इसके लिए आता हूं मैं इसे लेने के लिए यहां पर हूं।" तब आप वापस आते हैं, जय की कदम ताल के साथ ये आपको मिल गया। आमीन। चमक रहा है, चिड़ियाये अब कुछ अलग गाती है, और हर कोई तब आप सबके साथ प्रेम में है, वह पुरानी घृणा, जलन, लड़ाई अब चली गई। हर एक से प्रेम करें! ओह, आपका महान समय है, गाना, चिल्लाना, परमेश्वर की महिमा करना। कोई मतलब नहीं, कौन आपके विषय में क्या कहता है। यह ठीक है। निश्चय ही, जय की कदम ताल पर है!

73 तब उस से मिलने के लिए कौन आया? उस से मिलने कौन आया? मलिकिसिदक, मलिकिसिदक उस से मिलने को आया, जब उसके पास प्रमाणित किया हुआ वचन था। मलिकिसिदक ही वह था जिसने उसे वचन दिया, तब उसके वचन को रखा... अपना विश्वास उस वचन पर, जीत पायी और वापस आया, तब उसकी संगती हुयी थी। आमीन। अब आप भी, ओह उसका वचन आपके लिए कुछ नया हो गया जब कभी आप एक बार पवित्र आत्मा का बपतिस्मा पायेंगे। ओह, प्रभु!

74 ओह, आप कहते हैं, "मैं इन चीजों को नहीं देख सकता। मैं चिल्लाने में विश्वास नहीं करता। मैं अन्य भाषाये बोलने में विश्वास नहीं करता। मैं दिव्य चंगाई में विश्वास नहीं करता।" यह इस बात को दिखाता है आपको कभी भी जीत प्राप्त नहीं हुई, यह ठीक बात है। परंतु एक बार आपको जीत

मिली, तब यह आपके पास है, तब आपने इसे ले लिया। जी हां, श्रीमान। तब आप चिल्ला सकते हैं। मैं...

75 आपने एक बार देखा, मैं आत्मा में नाचने के विषय में सोचा करता था, देखिये, कोई खड़ा होता और आत्मा में नाचता। अब मैंने इसका उपहास भी करते देखा, परंतु मैंने वास्तविक चीज भी देखी। इसलिए मैंने पाया लोग आत्मा में क्यों नाच सकते है? भाई, मैंने अब तक किसी को भी अभद्रता में नहीं देखा, मैंने कभी भी अब तक आचरणहीनता में नहीं देखा। मैंने—मैंने सदा इसे सभ्य और नियंत्रित देखा, और मिठास में और यहां तक कि पापी वेदी पर दौड़ कर जाते है, और बच जाते जब यह चल रहा होता। मुझे आश्चर्य हुआ यह क्यों था, और मैंने जांच कर पाया, यह जय है।

76 दाऊद प्रभु के सामने नाचा, जब वाचा का संदूक अपने विश्राम के स्थान पर वापस लाया गया। आमीन। जब दाऊद ने वचन देखा, जैसे जब यह पत्थर कि पट्टियों के साथ वापस अपने सही स्थान पर लाया गया। दाऊद आनंदित हुआ और आत्मा में नाचा, घूम–घूम कर, घूम–घूम कर। क्यों? उसने वचन को उसके स्थान पर देखा। आमीन।

77 वचन की आवश्यकता क्या है, किसी धर्म विद्यालय से बाहर नहीं किसी धर्म विज्ञान के साथ मिलावट; परंतु पुराने प्रकार के परमेश्वर के भेजे हुए प्रचारक प्रचार मंच के पीछे वचन के साथ, परमेश्वर के प्रमाण के साथ, सबूत।

78 तब दाऊद ने कहा, "परमेश्वर की महिमा हो, यही है!" और घूम–घूम कर, घूम–घूम कर। उसकी बेचारी जाड़ाऊ पत्नी वहां बैठी है, एक राजा की पुत्री के नाते बोली, "क्यों यह—यह—यह मुझे लज्जित कर रहा है।"

79 दाऊद ने कहा, "तुझे यह पसंद नहीं? इसे देखे!" और फिर से घूम–घूम करने लगा, चला गया। जी हां! ओह, उसका क्या ही समय था!

80 आप जानते हैं, परमेश्वर ने स्वर्ग से नीचे देखा, कहा, "दाऊद तू मेरा मनपसंद पुरुष है।" समझे? देखा? क्यों? उसने अपना सारा घमंड खो दिया था, उसने अपना सब कुछ खो दिया। यद्यपि वह राजा की पुत्री से ब्याह हुआ था। परंतु उस समय यह विचार नहीं था। वह जानता था कि स्वर्ग और पृथ्वी के अधिकारी से वह परिचित है और यहां परमेश्वर का

वचन उनके मध्य में फिर वापस आ रहा था, और दाऊद बहुत आनंदित था कि वह नाचा जितनी जोर से वह नाच सकता था।

81 मरियम, उसने खंजड़ी उठायी, और किनारे चली गयी, दूसरी ओर नाची। लाल सागर में से होकर आने के बाद, और अपने शत्रुओं को डूबते हुए देखा, तब वह आत्मा में नाच सकती थी, जब उसने देखा, वे शत्रू जिन्होंने उसे सताया था, मर गया, तब वह आत्मा में नाची। यह ठीक बात है। अब देखिए, इसके बाद! लड़ाई जीतने के बाद, तब परमेश्वर की महिमा नीचे उतर कर आयी।

82 अब, हम यह पाते हैं कि वह उससे मिला। और प्रतिज्ञा के प्रमाणित होने के पश्चात, उसके—उसके पास संगती थी। अब्राहम को आशीषित करने मलिकिसिदक आया, और उसने कहा, "अब्राहम धन्य है, और अब्राहम का परमेश्वर धन्य है, स्वर्ग और पृथ्वी का अधिकारी।"

83 ओह मुझे यह कितना अच्छा लगता है, विश्वासी की प्रतिज्ञा! आप कहते हैं, इस बात का हम से क्या लेना देना? हर विश्वास का! विश्वासी की प्रतिज्ञा अनन्त जीवन है, विश्वासी की प्रतिज्ञा जीवन, आनंद, शांति, सहनशीलता, नम्रता, धीरज आत्मा के फल है, दिव्य चंगाई, मैंने यहां लगभग दर्जनों चीजें लिख रखी है, यह आपका अधिकार है, यह आपका है, परंतु आप इसे नहीं ले सकते, जब तक आप इसके लिए लड़ाई ना करें, यह आपका है। हर चीज जो दिखने वाली है, हर सांसारिक चीज जो दिखाई पड़ती है मेरी है। परमेश्वर ने यह मुझे दिया है, क्योंकि मसीह के द्वारा उसने यह मुझे दिया। और अनदेखी चीजें मेरी है। आमीन। मुझे यह पसंद है! आप क्या देख सकते हैं, जैसे दिव्य चंगाई आदि–आदि इस प्रकार से यह अच्छा है, हम इसकी सराहना करते हैं; परंतु अनदेखा!

84 अब विज्ञान आसपास जांच करके और कहता है, "अच्छा, हम देखें मुझे यह व्यक्ति लेने दो। तुमने कहा यह चंगा हो गया, मैं इसे लेकर जाऊंगा। और इसे जांचू, मुझे देखने दो कि क्या हुआ। और तुम कहते हो तुम्हारे एक समय फोड़ा था श्रीमान? "

"हां ठीक *वहां*।"

85 "अच्छा, ठीक है मैं वैज्ञानिक खोज करूं और देखू कि यदि यह अंदर ना बैठा हो और चला ना गया हो। तुम कहते हो एक बार तुम अंधे थे और

अब तुम देखते हो। मैं कैसे यह जानता हूं? मुझे वैज्ञानिक आधार पर देखने दो और इसे देखू।"

86 अब वे इसकी जांच कर सकते हैं, परंतु फिर भी मैं—मैं इसका वारिस हूं, हर शारीरिक चीज। और फिर मैं उन चीजों का भी वारिस हू, जो देखी नहीं जा सकती, जहां विज्ञान इसकी परख नहीं कर सकता। आमीन। आमीन। अनदेखी चीजे। आमीन। मै इसका वारिस हूं। जी हां, श्रीमान। वे चीजे जो देखी जा सकती है, मैं उनका वारिस हूं। यह वास्तविक पृथ्वी। मैं एक वारिस हूं, आप एक वारिस है। हर विश्वासी एक वारिस है, हर विश्वासी एक वारिस है, वह इसका वारिस है। तब अनदेखी! किसका अधिकारी? स्वर्ग और पृथ्वी का। आमीन। सारी चीजें! आप इसका विश्वास करते हैं?

87 आप कहते हैं, "भाई ब्रन्हम उन बातों के विषय में क्या है, जहां आप देख नहीं सकते? आप कैसे जानते हैं? " यह अब भी मेरा है। यह ठीक है। स्वर्ग मेरा है, आनन्दित हूं कि यह मेरा है, परमेश्वर ने ऐसा कहा है। और यह ठीक बात है। "भाई, आपने तो कभी नहीं देखा, आप कैसे जानते हैं कि यह वहां है? " मैं जानता हूं कि यह वहां पर है, जो भी है परमेश्वर ने ऐसा कहा है। "आप कैसे जानते हैं कि आप इसके वारिस है, जबकी आपने इसे कभी नहीं देखा? " मैं उसके वचन का विश्वास करता हूं। आमीन। समझे? मैं वारिस हूं तुम मेरे साथ वारिस हो, हम सब मिल कर मसीह यीशु के द्वारा वारिस है।

88 क्या आपने यहां कुरिन्थियों में ध्यान दिया, दूसरे कुरिन्थियों में पौलूस ने कहा यहां तक कि मृत्यु, हम मृत्यु पर अधिकार रखते हैं, इस पर सोचे मृत्यु को अधिकार में? जी हां, श्रीमान। यह हमें स्मरण दिलाता है। आमीन। अब, महिमा होवे! मैं बंदूक के धमाके को अब भूल गया, इसने मुझे क्यों नहीं मारा? क्योंकि वह नहीं कर सकता था। इसलिए। परमेश्वर तैयार नहीं था, वह जितना भी चाहे आ सकता है, परंतु वह आपको ले नहीं सकता। आमीन। महिमा हो! मैंने अपना कर्जा बहुत पहले ही चुका दिया जब मैंने यीशु मसीह पर विश्वास किया, जो कि सदा के लिए जीवित है, अब मृत्यु सुन ले कि हम क्या कहते हैं। आमीन।

आप कहते हैं, "एक अधिकारी मृत्यु पर? "

89 पौलूस ने यही यहां कुरिन्थियों में कहा है, मृत्यु, यहां तक कि हम इस पर अधिकार रखते हैं, जब उन्होंने उसका सिर काटने का निर्णय ले लिया

था। उसने कहा, "ओह मृत्यु तेरा डंक कहां है? दिखा मुझे तू कहां मुझे डरा सकती है।"

90 मृत्यु ने कहा, "मैं तुझे निचोड़ दूंगी, और तुझे कब्र में डाल दूंगी, और तू सड़ और गल जायेगा।"

91 उसने कहा, "परमेश्वर को धन्यवाद," [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] "वह जो हमें प्रभु यीशु मसीह के द्वारा जयवंत ठहराता है।" जी हां, श्रीमान। मृत्यु, नर्क और कब्र, मैं इस सब पर अधिकार रखता हूं, क्योंकि उसने इन सबको हमारे लिए जीत लिया है, अधिकार!

92 जैसे कि यहोशु और कालेब अनदेखे देश से प्रमाण लेकर आए, और वह लोगों को प्रतिज्ञा के द्वारा दिया गया था। यहोशु और कालेब प्रमाण वापस लेकर आए कि वहां एक ऐसा देश है। अब, यहां उनके पास, उनकी प्रतिज्ञा थी परमेश्वर ने उन्हें प्रतिज्ञा दी और वे सीधे–सीधे देश में आ गए परंतु उन्होंने इसे कभी नहीं देखा था, यहोशु और कालेब उस प्रतिज्ञा के देश में गए और प्रमाण वापस लेकर आए कि वहां एक देश था, और वह एक अच्छा स्थान था दूध और शहद बहता है। आमीन! यह क्या था? वे उस देश का अधिकार पाने जा रहे थे उसके पास प्रतिज्ञा थी। वे वहां अपने मार्ग पर थे और वे लगभग यरदन पर थे और यहोशु ने पार हो कर, प्रमाण ले कर आया कि वह एक अच्छा देश था।

93 यहोशु ने इस्राएल के बालकों के लिए क्या किया (*यहोशु* का अर्थ "बचाने वाला," यहोशु शब्द का) यही चीज जो यीशु ने कलिसिया के लिए की, जब उन्होंने उसे मारा। उसने मृत्यु को जीत लिया। उसने नर्क को जीत लिया। उसने कब्र को जीत लिया। वह एक प्रमाण के साथ फिर जी उठा, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा कि वहां नदी के पार एक देश है, जिसे वे सदा के लिए सुंदर कह कर पुकार सकते हैं। आमीन। वह वापस आया और हमारे लिए एक प्रमाण लेकर आया। यह क्या करता है भाई ब्रन्हम? यह आपसे झूठ बोलना, चोरी करना, शराब पीना, श्राप देना, आचरणहीनता हर चीज को बंद करवा देता है, यह आप में से एक नई सृष्टि निकालता है, मैं जो कभी पाप और अपराधों में मर गया था, तिस पर भी मैं जीवित, मैं नहीं परंतु मसीह मुझे में जीता है, मैं मसीह यीशु में नई सृष्टी हूं, प्रतिज्ञा का वारिस। हाल्लेलुय्या! जी हां, श्रीमान। वह देश हमारा है, हम यह कैसे जानते हैं? यहोशु मरे हुओ में से जी उठा, प्रमाण को वापस लाया, पवित्र आत्मा

को। मुझे यह मिला। आमीन। ओह! महिमा हो! मैं वारिस हूं, ओह, एक राजा का बालक, एक राजा का बालक, सारी चीजों का वारिस। बाईबल ने ऐसा कहा है। वही परमेश्वर—वही परमेश्वर जिस ने इस्राएल को प्रतिज्ञा के देश की प्रतिज्ञा दी (यह उनके लिए देखी हुई चीज नहीं थी), वही बाईबल उसी परमेश्वर ने हमें अनंत जीवन की प्रतिज्ञा दी है, और पवित्र आत्मा इसकी गवाही देता है। मसीह जीवित है, मरा हुआ नहीं। वह ठीक हमारे बीच में रहता है, हम में रहता है, हमारे द्वारा, आपके आस पास कार्य करता है। आमीन।

94 यह वही था, जो उस दिन बैंच पर बैठा हुआ था, जब शैतान ने मुझे मारने का अवसर पाया, परंतु वह यह ना कर सका। आमीन। और वह यह कभी नहीं करेगा जब तक मसीह नहीं कहता, यह तैयार है। आमीन। कोई मतलब नहीं वह कितनी बार भी आया है, वह खाली हाथ वापस जाएगा जब तक मसीह आज्ञा ना दे दे। आमीन। एक प्रतिज्ञा, परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा दी है, यह परमेश्वर का वचन है जिसने प्रतिज्ञा दी है, और हम इसका विश्वास करते हैं, क्योंकि हम वारिस है।

95 मैं दिव्य चंगाई का वारिस हूं। मैं आनंद का वारिस हूं, खुश रहना मेरा अधिकार है, "इसलिए आपको इतना आनन्दित कौन बनाता है?" ऐसा होना मेरा अधिकार है। "आप कैसे जानते हैं?" क्योंकि मैं इसका वारिस हूं। आमीन! ओह! अब मुझे धार्मिक अनुभूति होती है। जी हां। मैं प्रसन्न रहने का वारिस हूं। मैं आनन्द का वारिस हूं। मैं शान्ति का वारिस हूं। मैं अनंत जीवन का वारिस हूं। मैं पवित्र आत्मा का वारिस हूं। आमीन। मैं हर प्रमाण का जो इसका है मैं वारिस हूं। आमीन। मैं परमेश्वर के अधिकार का वारिस हूं। आमीन। "किसने तुम्हें यह बनाया?" मैं नहीं; उसने बनाया। आप में से प्रत्येक ठीक इन्हीं चीजों के वारिस है।

96 सिंहासन का एक वारिस! "वह जो जय पाये मेरे साथ मेरे सिहासन पर बैठेगे, जैसे मैं जय पाकर अपने पिता के सिंहासन पर बैठ गया।" आमीन। सारी चीजों का वारिस! एक चीज का नहीं सारी चीजों का हर चीज आपके पैरों तले है। यहां तक कि मृत्यु भी आपके पैरो तले हैं, कब्र आपके पैरों तले है, नर्क आपके पैरो के तले हैं, पाप आपके पैरों के तले हैं, हर चीज आपके पैरों के तले हैं। आप एक वारिस है! और आप... आप मरे हुए हैं, और आपका जीवन यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर में छिपा हुआ है, और

आप फिर से अनंत जीवन के लिए जी उठे। और मसीह यीशु में स्वर्गीय स्थानों में बैठे हैं। ओह, प्रभु! वाह! आप जो चाहे हमें कहे, आप हमें जो चाहे कहें, अगर आप चाहे तो हमें पागल कहे, परंतु हम वारिस है। किसके वारिस? सारी चीजों के।

97 "क्या आप ब्रन्हम आराधनालय के वारिस है?" नहीं, मैं सारी चीजों का वारिस हूं। दोनों देखने वाली, वर्तमान, भविष्य, हर चीज का, मैं इसका वारिस हूं।

98 और पाप और बुराई मेरे पैरों तले रखी गई, यीशु मसीह के अनुग्रह से, वह ईस्टर की सुबह जी उठा, मृत्यु, नर्क और कब्र पर जय! पाई और मुझे वारिस बनाया, और कहा, "वहां प्रतीक्षा करो, मैं तुम्हें प्रतिज्ञा दूंगा।" इसके अभिषिक्त अधिकारी दास ने कहा, "यह प्रतिज्ञा तुमसे तुम्हारी संतानों से जो दूर–दूर है, जितनो को हमारा प्रभु परमेश्वर अपने पास बुलाएगा।" मैं वारिस हूं। आमीन। आमीन। यीशु ने यह हमें अपने पुनरुत्थान पर सिद्ध कर दिया। ओह, प्रभु।

99 जब हम उस लड़ाई के मैदान में प्रवेश कर गए हैं। जो मृत्यु और जीवन के बीच में है! "भाई ब्रन्हम, मैं पापी हूं।" आपको नहीं होना है। आप पापी है, क्योंकि आप होने की इच्छा करते हैं, आपको नहीं करना है। कर्जे का भुगतान पहले ही कर दिया गया है।

100 "भाई ब्रन्हम, मैं चाहता हूं कि मेरे पास आनंद हो।" आप इसे ले सकते हैं, आपने शैतान को इस सौभाग्य को लूटने दिया, जिसके लिए मसीह मरा। मैं इसका वारिस हूं। यह सब मेरा है। हर चीज जिसके लिए वह मरा, मेरी है, आपकी है। हम उसके बालक है, हम इसके वारिस है, हर चीज जिसके लिए वह मरा।

101 अब जब आप लड़ाई के मैदान में आ जाते हैं, "ओह पवित्र आत्मा का बपतिस्मा जैसी कोई चीज नहीं है। आप जानते हैं कि आप—आप—आप विचित्र व्यवहार करने जा रहे हैं। और वहां कुछ भिन्न कुछ भिन्न होने जा रहा है।" मैं चिंता नहीं करता कि क्या भिन्न है, मैं इसका वारिस हूं। यह जीवन है।

102 और यही उद्देश्य हर पापी का होना चाहिए। "मैं इसे पवित्र आत्मा के आधार पर लेने आ रहा हूं, जो अब यहां है, और मुझे बता रहा है कि आकर इसे ले लो। यह मेरा है। मैं कभी नहीं उठुंगा, जब तक कि मैं इसे पा ना लूं।

मैं हठ धर्मी नहीं होऊंगा। मैं यहीं रुकने जा रहा हूं। मैं चिंता नहीं करता कि क्या कुछ होने जा रहा है। मैं कभी भी अपनी प्रार्थना बंद नहीं करूंगा, जब तक आप मुझे पवित्र आत्मा देंगे, प्रभु, मैं जानता हूं कि आप यह अब करेंगे। यदि मेरे जीवन में कुछ गलत है, तो मुझे इसके विषय में बताएं और मैं वह करूंगा। प्रभु, यह क्या है, मैं जा कर इसे ठीक करूंगा।"

103 यदि परमेश्वर कोई चीज प्रगट नहीं करता, तो कहे, "फिर शैतान, मैं इसके लिए आता हूं, तो वहां और देर तक खड़ा नहीं रह सकता, मेरे मार्ग से हट जा!"

104 आप वही है, सब चीजों के वारिस, अनंत जीवन के वारिस। दिव्य चंगाई के वारिस। ओह!

उद्धार का वारिस, जिसे परमेश्वर ने खरीदा है,
उसकी आत्मा से जन्मा, उसके लहू में धुला।

यह मेरी कहानी, यह मेरा गीत,
सारे दिन अपने बचाने वाले की महिमा,

पूर्ण संपूर्ण, सब कुछ शांति में,
मैं अपने बचाने वाले में आनंदित और धन्य;
प्रतीक्षा में जागृत हूं, और ऊपर देख रहा हूं,
उसकी भलाई और प्रेम से भरा हुआ।

हाल्लेलुय्या! आप वही हैं। यह मेरी कहानी और मेरा गीत है, मैं उद्धार का वारिस हूं, उद्धार क्या है? कुछ जो आपको दिया गया। यह एक उपहार है। मैं उद्धार का वारिस हूं। किस प्रकार का? अनंत जीवन के लिए। मेरे प्राण का उद्धार। मेरी देह के लिए उद्धार। मेरी थकावट का उद्धार, हर चीज से छुटकारा। परमेश्वर ने मुझे मसीह के द्वारा हर चीज का वारिस बनाया और वह मर गया, जी उठा, और वापस आया और प्रमाण लेकर आया और हम पर उंडेल दिया। ओह, प्रभु! महिमा हो! ओह प्रभु!

105 अब आप वहां जाएं, आप क्या कर रहे हैं? जब आप जाते हैं जैसा कि अब्राहम ने किया, प्रतिज्ञा के साथ वहां ऊपर गया। "परमेश्वर आपने मुझे बताया है कि यह मेरा है, मैं आपकी प्रतिज्ञा में विश्वास करता हूं, मैं आपके वचन को ला रहा हूं, आपने यह प्रतिज्ञा की है। आपने कहा, 'मांगो तो तुम पाओगे, ढूंढो तुम पाओगे, मांगो यह तुम्हें दिया जाएगा, खटखटाओ, तुम्हारे लिए खोला जाएगा,' प्रभु मैं यहां पर हूं, मैं खटखटा रहा हूं, ढूंढ रहा

हूं, मांग रहा हूं। मुझे यह लेना ही है।" आप यही है। तो फिर कुछ होता है, ओह, जब आप यह वचन सामने रखते हो।

106 देखिये शैतान ने क्या किया जब यीशु ने यह वचन उस पर रखा। "और यह भी लिखा है... " वह उस पार के पास से कूदकर हट गया, जैसे मैंने उस रात्रि कहा। जी हां, श्रीमान। तब क्या, जब आप जयवंत हुए? क्या आप अपने आप से कर सके? नहीं, कोई आपके आगे–आगे गया और आपके लिए जयवंत हुआ, यह मसीह, मैं तो बस इसका वारिस हूं मुझे कुछ भी नहीं करना है। मैं प्रतिज्ञा का वारिस हूं। मेरे पास केवल एक चीज होनी है कि अपना विश्वास उसकी प्रतिज्ञा पर रखें। क्या आप इसे देखते हैं?

107 "भाई ब्रन्हम, क्या आप इसके योग्य है? " नहीं। "आप सोचते हैं मैं योग्य हूं? " नहीं। "क्या आप सोचते हैं बिशप योग्य है? " नहीं। "क्या कभी कोई पुरुष योग्य ठहरा? " नहीं। "क्यों? " आप एक वारिस है।

108 यदि आप संसार के सबसे बड़े पियक्कड़ है, और आपके पिता ने आपके लिए लाखों डॉलर छोड़े हैं, चाहे आप योग्य है या नहीं, आप उसके—उसके—उसके वारिस है, अपने पिता की सम्पत्ति के वारिस है। जो कुछ भी आपके लिए छोड़ा आप वारिस है, भले ही आप योग्य है, या नहीं। यह आपके लिए छोड़ा है। आमीन।

109 मैं एक पापी था, परंतु मैं वारिस हूं। मैं भला नहीं था, अब भी नहीं, परंतु फिर भी मैं वारिस हूं। मुझे मर जाना चाहिए और नर्क में जाऊं, परंतु मैं वारिस हूं। मैं किसका वारिस हूं? अनंत जीवन का। "आप कैसे जानते हैं कि आप इसे पाने जा रहे हैं? " मैंने इसका अनुभव किया है। पवित्र आत्मा इसे लेकर आया, यीशु मरे हुओ में से जी उठा ताकि ये आ सके। और अब यह आता है, और गवाही देता है, और ठीक वही प्रमाणित करता जो इसने कहा कि ये करेगा। मैं मृत्यु से पार होकर, जीवन में हूं। मैं मसीह यीशु में नई सृष्टि हूं। तब मैं वारिस हूं। जी हां, श्रीमान। अब मैं आगे बढ़ रहा हूं। आमीन। हर चीजें नष्ट कर दी गई है, वे जो नीच बातें मैंने की? जैसे मरियम ने किया। पीछे मुड़ कर देखा, और वे मर गए भूल जाने वाले समुद्र में डूब गए, परमेश्वर की पुस्तक में, महान पुस्तक स्वर्ग में। ये कर दिया गया। मेरा नाम उस पुस्तक में लिखा गया, और मोहर बंद कर दिया गया, भूल जाने वाले समुंद्र में डाल दिया गया, और एक नई पुस्तक, उस नये नाम

के साथ, जो महिमा में लिखा गया। और वह मेरा है। जी हां। अब हम सारी चीजों के वारिस है।

110 तब जब अब्राहम के समान, परमेश्वर ने उसे क्या बताया? "यह देश तेरा है, इसमें तेरा क्या है। पूर्व, उत्तर, पश्चिम और दक्षिण इसकी ओर देख, यह सब तेरा है, हर चीज जो यहां है। मैं चाहता हूं तू अनजाने देश की यात्रा पर जाए, और मैं तुझे उस देश का वारिस बनाने जा रहा हूं, मैं यह तुझे दूंगा, तुझे और तेरे मंश को और जो तेरे बाद, सदा के लिए।" अब अब्राहम को एक ही काम करना था कि अपना विश्वास उसकी प्रतिज्ञा पर रखें, अपनी तलवार उठायी, और चला गया। जब कठिन समय आया, वह वहां नीचे आया और परमेश्वर ने उसका युद्ध लड़ा। और जब उसने लड़ाई लड़ी, उसने राजाओं को मार गिराया।

111 और वह यहां वापस आ रहा है। आमीन। अब सब पूरा हो गया, भाई, वह चिल्ला सकता था। उन सारे पुरुषों को सुनो, चिल्ला और प्रभु की महिमा कर रहे हैं! यहां अब्राहम आता है, और उससे मिलने को कौन आया? मलिकिसिदक, शालेम का राजा। और देखें कि उसने क्या किया। जब युद्ध समाप्त हो गया, वे बैठ सकते थे और रोटी और दाखमधु खाया। राजा रोटी और दाखमधु लेकर आया। उसने उसके साथ यह क्यों किया? युद्ध हो जाने के बाद, जब जय प्राप्त कर ली गई थी, तब वे बैठ सकते थे, और मिल कर भोज कर सकते थे एक दूसरे से बातें और मिलकर भोज खाया। ओह, यही जो परमेश्वर अपने बच्चों से चाहता है, आज रात्रि।

112 "तब फिर आप के विषय में क्या है, भाई ब्रन्हम? उस कलीसिया के विषय में क्या है, जिसकी आप बातें कर रहे हैं? " हम अब्राहम के वंश है, वे अब्राहम के राजसी वंश है। हम अब्राहम के वंश है, मसीह यीशु की प्रतिज्ञा के द्वारा हम अब्राहम के द्वारा हम अब्राहम के वंश हो जाते हैं और प्रतिज्ञा के अनुसार वारिस हो जाते हैं। मैं एक वारिस हूं, मैं अब्राहम के साथ वारिस हूं, और ऐसे ही आप है और यह कैसे आया? अब्राहम के राजसी वंश के द्वारा जो कि मसीह यीशु था, वह प्रतिज्ञा किया हुआ विश्वास के द्वारा। अब्राहम को एक पुत्र मिला, एक मरे जैसे में से। और हमे एक पुत्र मिला, जो कि एक पुत्र भी नहीं था, और यहां होने के लिए कोई मार्ग नहीं था, और परमेश्वर ने उसे बनाया और हमारे पास भेजा। और वह आया और हमारे पापों के दंड का भुगतान किया, और उसकी मृत्यु के द्वारा मैं एक वारिस हो गया।

ओह, प्रभु। आप वही हैं। और शैतान की सारी दृष्टता वही हैं। परमेश्वर की महिमा होवे!

113 जयवंत! आज रात्रि कितने जयवंत हैं? आपके हाथ देखू, "परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा मैं जयंवत हो गया।" परमेश्वर की महिमा हो। आप जानते हैं कि मैं क्या सोचता हूं, जो हमें अब करना चाहिए? मैंने यहां यह आरंभ कर दिया, और आपको आधी रात तक रोका। आईये, अच्छी समर्पण की सभा करें, अपने जीवनो को नए सिरे से परमेश्वर का अर्पण करें। कितने ऐसा करने का अनुभव करते हैं? ओह, मुझे अब एक से अधिक मिल गया, मैंने अपने दोनों हाथ उठा रखे हैं, अपना ह्रदय भी। मैं चाहता हूं कि मेरा जीवन मसीह के लिए बोले। मैं स्वयं को नए सिरे से मसीह को समर्पित करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि उसकी इच्छा पूरी हो, मेरी पीछे रहे, और—और उसकी इच्छा पूरी हो, मैं विजय की कदमताल आगे बढाता हूं। इसलिए नहीं कि यह मैं हूं; क्योंकि मैं जानता हूं कि जो समाचार मैंने प्रचार किया वह नामधारियों के कारण रुकावट में आया, मनुष्यो के द्वारा बनाए गए, रिवाज और हर चीज, वह महान जीत जो हमारी होनी चाहिए, शत्रु द्वारा रुकावट डाली गई। परमेश्वर मुझे यह तलवार खींचने दे, इसे दमकने और चमकने दे और आगे बढ़ूं। मेरी इच्छा पीछे रहे, और उसका वचन आगे–आगे चले इस प्रकार, एक तेज दो धारी तलवार अपना मार्ग बना रही है।

114 अब हम अपने पैरों पर खड़े हो जाएं, और अपने आप को फिर से समर्पित करें, हर एक अपने ही तरीके से, स्वयं को प्रभु को समर्पित करें। आइए, हम अपने हाथों को ऊपर उठाएं, हमसे प्रत्येक।

115 हमारे स्वर्गीय पिता, आज रात्रि हम स्वय को आपको, अपने सबसे अच्छे भाव से जो हम जानते हैं, समर्पित करते हैं। हम जानते हैं कि हम सारी चीजों के वारिस है, प्रभु यीशु, आपने इसकी प्रतिज्ञा की है और हम इसका विश्वास करते हैं। और हम इसके लिए कभी भी योग्य नहीं होंगे, जब तक आप नहीं, प्रभु... जब तक हम अपना विश्वास आपकी प्रतिज्ञा पर नहीं रखते। अब आपने बाईबल में कहा है, "वह जो मेरा मांस खाता और मेरा लहू पीता है, उसके पास अनंत जीवन है, वह दोषी ना ठहरेगा, परन्तु निकल कर... मृत्यु से पार होकर जीवन में प्रवेश करता है। वह जो मेरा मांस खाता और मेरा लहू पीता उसके पास अनंत जीवन है और मैं

उसे अंतिम दिन जिला उठाऊंगा।" यह प्रतिज्ञा है। यही जो आपने कहा है। यही जो हम विश्वास करते हैं।

116 और प्रभु परमेश्वर, ओह पवित्र आत्मा, हम पर मंडरा ओह परमेश्वर मंडरा! ओह प्रभु, हम में मंडराये, जीवित परमेश्वर के आत्मा, प्रभु हमें ग्रहण करें। मसीह के नाम में हम ग्रहण करें। मुझे साफ करें, मुझे ढाले, मुझे आकार दे, ओह, परमेश्वर, परमेश्वर के पुत्र की सूरत में। प्रभु मुझे ले, मैं आपका हूं, मैं इस कलीसिया को आपको देता हूं। मैं यहां उपस्थित हर प्राण को आपको देता हूं। अपनी वाली के साथ, प्रभु, हमें ढाल और तैयार कर और हम अपने पाप भरे मार्ग भूल जाए, और जाने तब तक हमारा विश्वास, जो हमारा—हमारा विश्वास आपके प्रतिज्ञा के वचन पर है, आप हमें एक से दूसरी जय पर ले जायेगे। आप यह प्रतिज्ञा कर चुके हैं।

117 प्रभु, शैतान हमें हानि नहीं पहुंचा सकता। वह हर चीज कर सकता है, जो वह कर सकता है, और वह हमें छू नहीं सकता। जब आपने उसे एक बार उसके कार्यों पर छोड़ दिया, आपने कहा, "तू इसका जीवन नहीं लेना," सिवाये उसको लेने के उसने सब कर लिया। परंतु वह यह नहीं कर सका, क्योंकि आपकी प्रतिज्ञा वहां अय्यूब के लिए थी।

118 और, परमेश्वर, आप आज भी वही परमेश्वर है। आप अपनों की रक्षा करते हैं, हम जानते हैं कि यह सच बात है, और हम फिर से अपने आपको समर्पित करते हैं। हमारी पापी प्राणों को धो डाले, प्रभु, जैसे कि हम अपने विश्वास की पुष्टि करते हैं, और मसीह यीशु हमें स्वीकार करें। और जब हम इस प्रभु भोज को लेना आरंभ करते हैं, परमेश्वर हमारे ह्रदय में हमसे बातें करें, हमें बताएं कि हम कहां पर गलत है; हमारी गलतियों को दर्शाएं प्रभु। हम नम्रता के साथ प्रायश्चित करते हैं। मैं नम्रता के साथ, अपने सारे पापों को वेदी पर रखता हूं, प्रभु। मैं स्वयं को नम्रता के साथ आपके वचन पर रखता हूं, प्रभु। और आपके अनुग्रह पर।

119 प्रभु मैं यहां पर हूं जैसा आप उचित समझे मेरे साथ करें। प्रभु इस कलीसिया की यह पुकार है, "जैसा आप उचित समझें वैसा करें।" मैं स्वयं अपने लिए—स्वयं अपने लिए बोल सकता हूं, प्रभु, परंतु मैं विश्वास करता हूं कि उनके हृदय में, वे भी यही विश्वास करते हैं। जैसा उचित समझें, हमारे साथ करें। हम विश्वास करते हैं। हम वारिस होना चाहते हैं, और हम

जानते हैं जब तक हम मसीह यीशु में बने हैं, हम वारिस है। हम उसके संग सिहासन से पहले वारिस है।

120 अब हमारे संग रहे। प्रभु, हमारे मध्य में की बीमारियों को चंगा कर दें, यदि यहां कोई बीमार देह हो, आज रात्रि तो उसे छुए चंगा करे और स्वस्थ कर दे, प्रभु इसे प्रदान करें, यदि यहां कोई बीमार प्राण हो तो वह अभी चंगा होने पाये। वह अपाहिज प्राण सही हो जाए। वे निर्बल घुटने जो नीचे झुके हैं, और वे निर्बल हाथ महिमा में ऊपर उठे हैं, और परमेश्वर की दोहाई देते हैं। होने पाए खराब रास्ते सीधे हो जाएं, वहां जंगल में हमारे परमेश्वर के लिए एक राजमार्ग हो।

121 प्रभु, हम विश्वास करते हैं कि आप जल्द आ रहे हैं, और हम तेरे वचन का धमाका कर दे, प्रभु, और जंगल में एक राजमार्ग बना दे, टेढ़े स्थान सीधे, हमारे प्रभु के लिए। हम हर नामधारी जड़ को उड़ा दे। हर कड़वी जड़ को ध्वस्त कर दे, सारी ईष्या को ध्वस्त कर दे, शत्रूता और झगड़े ताकि परमेश्वर का सच्चा वचन आनंद की नदी के समान बह निकले, पिता इसे स्वीकार करें। हम स्वयं को आपको देते हैं, इसके पहले कि हम प्रभु भोज ले। यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

122 जब कि बहन स्पेंसर अपने शरीर के लिए प्रार्थना करवाना चाहती है! [बहन स्पेंसर भाई ब्रन्हम से बात करती है—सम्पा।] परमेश्वर आपको आशीष दे, बहन स्पेंसर।

स्वर्गीय पिता, यह बेचारी बूढ़ी संत महिला और यह जो बैठी है, आप एक अपाहिज स्त्री को देखते हैं, "क्या यह अब्राहम की पुत्री इस सब्त के दिन छुड़ाई ना जाए?" और अब उसके और अधिकांश मित्र, प्रभु पुराने समय के मित्र, जिनकी वह अवभगत किया करती थी, वे सेवक जो उसके घर में बैठे, वे चले गए उनमें से बहुत सो ने स्वर्ग का वह महान राजमार्ग अपना लिया, वह अकेली रह गई, प्रभु एक गवाह के समान। अब कोई नहीं है, बस उसके बालक और हो सकता है, एक मित्र इधर या उधर, प्रभु अब एक संबंधी और फिर। परंतु वह अब भी बड़े जंगल के समान जो काटा गया, और एक बचे हुए वृक्ष के समान अकेली खड़ी है। परमेश्वर मैं प्रार्थना करता हूं कि आप दया से नीचे देखें, प्रभु, कि उसकी जड़े गहरायी में चली गयी। और कलवरी के पहाड़ पर खड़ी है, प्रभु मसीह के विश्वास में गहराई से जड़ पकड़ी हुयी। मैं इस प्रिय बूढ़ी स्त्री पर अपने हाथ रखता

हूं और उसकी जुबान के नीचे की गांठ को दोषी ठहराता हूं कि वह उसे छोड़ जाए और वह चंगी हो जाए, यीशु मसीह के नाम में। आमीन। परमेश्वर आपको आशीष दे। बहन स्पेंसर, धन्यवाद। यह हो जाएगा जरा भी सन्देह ना करें। ठीक है।

मेरा विश्वास तुझे देखता है
तू कलवरी का मेम्ना
दिव्य बचाने वाला;
अब मेरी सुन, जब मैं प्रार्थना करूं,
मेरे सारे पापों को ले जा
ना ही मुझे कहीं भटकने दे
तुझ से अलग होकर

सुनिए, अब मेरे साथ गाये

जब जीवन के अंधकार में, मैं भटकू
और मेरे चारों और दु:ख फैला हो
तू मेरा मार्गदर्शक हो,
घोर अंधकार दिन में बदल जाए,
दु:ख के आंसूओ को पोछ दे
ओह मुझे आज से
मैं तेरा हो जाऊं!

123 अब आपके हृदय की गहराई से, केवल परमेश्वर यह जानता है, कि आपके हृदय की गहराई से, क्या आपका वास्तव में यही अर्थ है, "प्रभु, आज के दिन से मैं पूरी रीती से तेरा हूं"? आईये, उस अंतिम भाग को फिर से गाये।

ना ही मुझे कहीं भटकने दे,
तुझ से कहीं अलग होकर

124 अब सब मिलकर झुंड का महान चरवाहा, आपने हमें सिखाया कि हमें इस प्रकार प्रार्थना करना चाहिए [भाई ब्रन्हम और भक्त मंडली एक साथ प्रार्थना करते हैं—सम्पा।] हमारे पिता, तू जो स्वर्ग में है, तेरा नाम पवित्र माना जाए। तेरा राज्य आये। जैसे तेरी इच्छा स्वर्ग में पूरी होती है, पृथ्वी पर भी हो। आज के दिन की रोटी हमें दें। और हमारे अपराधों को क्षमा कर, जैसे हम अपने अपराधियों को क्षमा करते हैं। हमें परीक्षा में ना ला

परंतु हमें बुराई से बचा; क्योंकि राज्य और पराक्रम और महिमा सदा तेरी ही है। आमीन। आप बैठ सकते हैं।

125 मुझसे बहन शेपर्ड के बालक के लिए प्रार्थना का निवेदन किया जा रहा है, यह बस मेरे विचार में आया कि उन्होंने थोड़ी देर पहले बालक के प्रार्थना के लिए टेलीफोन किया, और मैंने उनके लिए प्रार्थना की। मेरा साक्षात्कार था कि यहां पर मिलूं और मैं घर नहीं जा सका। परंतु उन्होंने कहा कि छोटी लड़की बीमार थी, बुखार और एक प्रकार की अकड़न थी, कोई संदेह नहीं कि वह और कुछ नहीं एक वायरस जो आस पास है, आप इसके विषय में जानते हैं, कभी–कभी उनकी मांस पेशियां इस प्रकार सुकड जाती है, आपको उन्हें आगे पीछे चलना पड़ता है, अपने हाथों से, जैसे श्रीमती हैली और बहुत से वहां है। यह वायरस जो आस पास में है। और उसने... प्रार्थना की और मैंने कहा यदि बालक को लाभ ना हो नौ बजे के आस पास, या जब हम सभा के समय के समीप हो तो फोन करें, हम आएंगे, यदि बालक अच्छा होने लगे, तो ठीक है। इसलिए अब नम्रता के साथ हम, इसके पहले कि हम प्रभु भोज ले, बालक के लिए प्रार्थना करें।

126 प्रभु यीशु, हुई वह छोटा बालक मैं नहीं जानता कितनी आयु है या कुछ नहीं, परंतु वह हमारा एक प्रिय चेला, यहां है प्रभु, हमारा एक विश्वासी, ये उनका बालक है, बहन शेपर्ड का और भाई शेपर्ड, एक रत्न जो आपने उन्हें दिया, प्रभु। हम प्रार्थना करते हैं कि आप उस पर ध्यान करें और आशीष दें, और उसकी रक्षा करें, और उसे चंगा करे और स्वस्थ कर दे। हम इसी समय उसका दावा करते हैं। इस संदेश के बाद, हम उसका दावा करते हैं, हम परमेश्वर की महिमा के लिए उसका दावा करते हैं, उसके वचन के अनुसार। यीशु मसीह के नाम में, वह बीमारी उस बालक को छोड़ दें, और बालक स्वस्थ होने पाए और चंगा हो, परमेश्वर की महिमा के लिए, अब यह बोल दिया गया है, अब यह हो जाएगा। आमीन। क्या आप विश्वास करते हैं?

यदि हम विश्वास करें और कभी संदेह ना करें, वह निश्चय ही आपको बाहर ले आएगा;
अपना बोझ प्रभु के पास ले जाएं और उन्हें वहीं छोड़ दे।

उन्हें वहीं छोड़ दे, ओह, उन्हें वहीं छोड़ दे,
अपना बोझ प्रभु के पास में जाये और उन्हें वहीं छोड़ दें;
यदि आप विश्वास करें और कभी संदेह ना करें, तो वह निश्चय ही आपको बाहर ले आएगा;
अपना बोझ प्रभु के पास ले जाए और उन्हें वहीं छोड़ दे, (आपको बस इतना करना है)

यदि आपका शरीर दर्द से टूट रहा है, और आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं हो सकता
बस स्वर्ग के परमेश्वर को स्मरण करें, जो प्रार्थना का उत्तर है;
अब यीशु उस दर्द को जानता है जो आप महसूस करते हैं, वह बचा सकता है और वह चंगा कर सकता है;
अपना बोझ प्रभु के पास ले जाए और इसे छोड़ दे।

127 अब आईये एक दूसरे से हाथ मिलाए, जब हम इस अंतिम पद को गाते हैं।

इसे छोड़ दें (संगति आप जानते हैं, वार्तालाप) इसे वहीं छोड़ दे (प्रभु की महिमा हो!)
अपना बोझ प्रभु के पास ले जाए और इसे वहीं छोड़ दें
यदि हम विश्वास करेंगे और संदेह कभी ना करें, वह निश्चय ही आपको बाहर ले आयेगा;
अपना बोझ प्रभु के पास ले जाये और इसे वहीं छोड़ दे

128 ओह, क्या वह आश्चर्यजनक नहीं? अब अपने पाप स्वीकरण के साथ, हमारा विश्वास, हमारे पापों के पाप स्वीकरण के साथ, यह विश्वास करते हुए कि हमारे सारे पाप भूल जाने वाले समुंद्र में है, जब हम उन्हें मान लेते हैं परमेश्वर उन्हें मिटा देता है। देखा? वे यीशु मसीह के लहू के समुंद्र में है, अब और उन्हें याद नहीं किया जायेगा। आप में से कितनी महिलाएं जानती है कि ब्लीच क्या होता है? आप सब। अब एक बड़ा टब ले और जो कोलोरक्स से भरा हो यह एक ब्लीच है, एक बड़ा कोलोरम्स से भरा टब। और तब आप एक छोटा आंख में बूंद टपकाने वाला लेते हैं, और आप

एक बूंद काली स्याही की लेते है, उस बूंद टपकाने वाले में यह आपके पाप है और टब के ठीक ऊपर खड़े हो जाए और उसे दबा दें, और उसे टब में देखें और इसे ढूंढे। इसका क्या हो गया? उस स्याही को क्या हो गया? जब वह ब्लीच में गिरी, वह इतना सामर्थी था कि उसने उसके रंग को ले लिया, अब वह और नहीं है। यह क्या है? यह चला गया, यह सदा के लिए नष्ट हो गया। यह क्या है? वो—वो स्याही स्वयं कॉलेक्स हो गयी। यह यीशु मसीह का लहू है, हर स्वीकार किया गया पाप। यह क्या है? यह भुला दिया गया यह समाप्त हो गया, यह पूरा हो गया, यह मिटा दिया गया, यह अलग कर दिया गया, यह अलग कर दिया गया। अब इसे आपके विरोध में कभी भी याद नहीं किया जा सकेगा।

129 [एक बहन सभा में से बात करती है—सम्पा।] कहीं कोई मेरा नाम पुकार रहा है [बहन गवाही देती है कि मैं अभी–अभी चंगी हुई हूं।] भाई, प्रभु की स्तूति हो! धन्यवाद प्रभु। हम प्रभु को धन्यवाद देते हैं। ओह परमेश्वर, हम आपके भलेपन के लिए आपका कैसे धन्यवाद करें। जी हां, वहां पीछे उस छोटे नम्र प्राण ने छुआ, प्रभु ने उसे छुआ। ठीक है। वह महायाजक है, जिसे कि हम अपनी निर्बलताओ में छू सकते हैं।

130 याद रहे, हर वचन एक लंगर है, कस कर पकड़े रहे और निश्चित रहे। कोई नहीं... समझे? बस अपना विश्वास उस पर रखे रहें और हिले नहीं, वही टिके रहे। अब आप इसे वहां नहीं रख सकते और फिर इसे पकड़ ले और कहे, "मैं फिर से यत्न करूंगा।" इसे वहां रख दे, उसके साथ वही टिके रहे। जी हां, श्रीमान। जैसा हाबिल ने किया, अपने विचारों में मर जाए, बस यह कहे, "परमेश्वर यह आपका वचन है, यह वह नहीं जो मैं सोचता हूं। यह आपका वचन है। यही बात है।" और हाबिल चट्टान पर मर गया। और, ये, वह ऐसे ही छुयेगा उसने वहां बहन को छुआ। बस इतना सरल है।

131 हम इसे बनाने का यत्न करते हैं... हमें नहीं करना है, शैतान इसे इतना जटिल बनाता है, कहता है, तुम जानते हो, "ओह, यह तो बीते दिनों के लिए था," और सब। ये अविश्वासी है।

132 परंतु आप जो विश्वासी है, वह बहुमूल्य है, अब वास्तव में अनुमति ना दें; परंतु वह एक बहुमूल्य पत्थर है, जीवते पत्थर के पास आ रहा है। वह

मुख्य कोने का पत्थर। ओह, प्रभु। ओह, जो इस पत्थर को छूता है चंगा हो गया! बस यही है। आमीन।

133 अब क्या हम प्रभु के धन्यवादित नहीं? आनंदित! मैं इतना आनंदित हूं कि प्रभु ही परमेश्वर है। आमीन। इतना आनंदित हूं कि वह दयालू पिता अनुग्रह से भरा हुआ, उसके वचन को आदर दो, उसकी वाचा को बनाए रखो, वह इसे कभी नहीं भूलता। वह अपनी वाचा बनाये रखता है, उसे करना ही है। वह परमेश्वर है। उसने यह बनाया, वह सारे सत्य का सोता है। समझे? वह और कुछ नहीं हो सकता सिवाये सारे समय पवित्र सत्य के, हर वचन जो वह बोलता है विश्वसनीय है। और यह उसका वचन है। ओह, परमेश्वर मेरा विश्वास भी इसमें अटल रहे। आमीन। तब यह अटल हो सकता है, जैसे वचन अटल तब वचन उस प्रकार के विश्वास से कुछ भी उत्पन्न करेगा, वचन जो कहा ये करेगा। आमीन। इसलिए प्रभु मुझे साफ कर। मुझे जांच, मुझे शुद्ध कर, मुझे चंगा कर, मेरी रक्षा कर, मुझे आशीषित कर और मुझे अपना अनुग्रह दे, परमेश्वर से यह मेरी प्रार्थना है। आमीन।

134 अब मैं कुछ वचन पढ़ने जा रहा हूं, जो कि पहला कुरिन्थियों ग्यारहवें अध्याय 23 वे पद में पाया जाता है।

> *क्योंकि यह बात मुझे प्रभु से पहुंची, और मैंने तुम्हें भी पहुंचा दी कि प्रभु यीशु ने जिस रात... वह पकड़वाया गया, रोटी ली;*
>
> *और धन्यवाद करके उसे तोड़ी और कहा, यह मेरी देह है, जो तुम्हारे लिए है, मेरे स्मरण के लिए यही किया करो।*
>
> *इसी रीति से उसने बियारी के पीछे कटोरा भी लिया... और कहा यह कटोरा मेरे लहू में नई वाचा है; जब कभी पीयो तो मेरे स्मरण के लिए यही किया करो।*
>
> *क्योंकि जब कभी तुम यह रोटी खाते और इस कटोरे में से पीते हो, तो प्रभु कि मृत्यु को जब तक वह ना आए, प्रचार करते हो।*
>
> *इसलिए जो कोई अनुचित रीती से प्रभु की रोटी खाए या उसके कटोरे में से पिए, वह प्रभु की देह और लहू का अपराधी ठहरेगा।*
>
> *इसलिए मनुष्य अपने आप को जांच लें और इसी रीती से इस रोटी में से खाएं और इस कटोरे में से पीए।*

क्योंकि जो खाते–पीते समय प्रभु की देह को ना पहिचाने, वह इस खाने और पीने से अपने ऊपर दंड लाता है।

इसी कारण तुम में बहुत से निर्बल और रोगी है... और बहुत से सो भी गए।

यदि हम अपने आपको जांचते तो दंड ना पाते।

परंतु प्रभु हमें दंड देकर हमारी ताडना करता है, इसलिए कि हम संसार के साथ दोषी ना ठहरे।

इसलिए हे मेरे प्रिय भाइयों, जब तुम खाने के लिए इकट्ठे होते हो, तो एक दूसरे के लिए रुका करो ठहरा करो, एक दूसरे के लिए ठहरा करो।

135 अब मैं यह कहूं, यीशु ने हमें यह आज्ञा दी, इसके पहले वह अपनी मृत्यु के लिए गया, यह जानते हुए कि वह वहां जा रहा था। चेले तब भी आश्चर्य कर रहे थे कि वह किस विषय में बात कर रहा था, तब उन्होंने इसे लिखा। परंतु उसने कहा, "यह प्याला मेरे लहू में नई वाचा है, यह करते हुए, जैसे तुम इसे खाते और इसे पीते हो तब तक मैं ना आऊं, तुम मेरी मृत्यु को दर्शाते हो।" ओह, वे कितने बहुमूल्य वचन है!

136 कोई आश्चर्य नहीं चेलो को संदेह हुआ, "उसका क्या मतलब है अपनी मृत्यु को दर्शाना? हम यह कैसे कर सकते हैं? " यहां ये सब उनके लिए भेद था, परंतु उसके लिए ही नहीं, वह परमेश्वर था, उसे मालूम था कि उसे क्या करना चाहिये। "दर्शाया... " इसलिए उसने कहा, "जब तुम खाने के लिए एकत्र होते हो... "

137 अब, "वह जो अनुचित रीती से खाता और पीता है," यहां आता और स्वयं को मसीही दिखाता है, प्रभु की देह को खाता और फिर बाहर निकल कर संसार के साथ जीवन बिताता है और—और मसीह और उसकी सामर्थ का इंकार करता है, और इस प्रकार की बातें, आप—आप परमेश्वर का बड़ा अनादर करते है। आप—आप मसीह का अनादर करते है, इसलिए आप इसे ना लें। परंतु यदि आप जो कुछ आप में है, उससे यत्न करते हैं कि यही जीवन जीये, और इस बात को दर्शाएं कि आप एक मसीही है कि आप यीशु मसीह से प्रेम करते हैं, तब यह आपका कर्तव्य है, कि इसे करें।

138 और अब यहां... मैं विश्वास करता हूं, यूहन्ना छठवां अध्याय यीशु ने कहा, "जो कोई मेरा मांस खाता और मेरा लहू पिता उसके पास अनंत जीवन है, और मैं उसे अंतिम दिन जिला उठाऊंगा।" अब यह प्रतिज्ञा है। क्या यह शानदार बात नहीं? "मैं उसे जिला उठाऊंगा।"

139 क्या आपने कभी सोचा कि आप यहां किसलिए है? आप क्या—आप क्या है, अब विद्यालय किसलिए जा रहे हैं, बालको? आप किसलिए काम कर रहे हैं, पापा? आपको कौन उठाता है, और मां सुबह और बच्चों को विद्यालय भेजती है, उनके मुख धोती है, बिस्तरे लगाती है और खाना पकाती है और—और—और यह सब करती? रात में थकी हुयी अंदर आती और अगले दिन वही चीजें शुरू करती। आप यह किसलिए करती है? क्यों आप मेहनत और पिता कठोर परिश्रम और सब कुछ? रात में आते और थके हुए और एक बालक बीमार और आप चहल कदमी करते और रोते और प्रार्थना और संघर्ष करते, और वे चंगे हो जाते है; और फिर वापस और आप ये फिर करते। और हर रविवार उनके मुंह धोते, उन्हें आराधनालय ले जाते और फिर यह सब क्या है? वह यहां किसलिए है? क्या यह सब इसके लिए? ओह, यह दयनीय होगा और जानते हुए कि आपको जाना ही है। समझे? यह सब किसलिए है?

140 ओह भाई, यह परीक्षा का समय है, यह सुअवसर का समय है! यह सुअवसर है कि इसे स्वीकार कर ले। मुझे कुछ बताएं कि जो इसका स्थान ले सके, मुझे इससे कुछ अच्छा बताओ। संसार में कुछ उत्पन्न न करो कि पृथ्वी के राजा हो जाए, संसार पर शासन करें, ख्रुश्चेव या कनेडी हो जाए या जो भी आप होना चाहे, आप वैसे ही मरेंगे। ठीक है! आप नहीं जानते कि यह किस समय आएगा, किसी भी मिनट। परंतु यहाँ, जब मृत्यु प्रहार करती है, आपको अनंत जीवन मिलता है और मर नहीं सकते, सारी सृष्टि के परमेश्वर की गारंटी है, जो स्वर्ग और पृथ्वी का अधिकार रखता है, "मैं अंतिम दिन उसे फिर जिला उठाऊंगा।"

141 मेरे अविश्वास का तू उपाय कर, ओह परमेश्वर, ओह परमेश्वर मेरे प्राणो को भर दे, मुझे साफ कर, मुझे भर, मुझे नया कर, मुझे बाहर भेज। मुझे मरने ना दे, मुझे जीने दे कि कथा सुनाऊं, मुझे पृथ्वी के हर दरार और कोने में जाने दे और वचन प्रचार करूं और बीज बोऊ, जी हां श्रीमान, कि

अंत के दिन में कटाई हो, उस सच्चे पवित्र वचन की, उन विश्वासीयों की जो मसीह में साथ है।

142 क्या आपके पाप लहू के नीचे हैं, आज रात्रि मसीह यीशु में विश्वास के साथ? अब हम प्रभु भोज लेंगे। ना कि भोज; आप बातचीत करते हैं। जैसे कि आप एक दूसरे के साथ खाते हैं, परमेश्वर से बातें करते हैं। प्रभु भोज रोटी नहीं, ना ही दखरस, *प्रभु भोज* "परमेश्वर के साथ वार्तालाप करना, और जो हम खाते है।" यह प्रतीक है कि हम उसकी मृत्यु में विश्वास करते हैं। टूटी हुई देह उसका गाढा जाना और पुनरुत्थान, हम पवित्र आत्मा की उपस्थिति में विश्वास करते हैं। और हम विश्वास करते हैं कि उसने हमें अनंत जीवन दिया है, और हम मर नहीं सकते, हम मृत्यु को पार कर जीवन में प्रवेश कर चुके। और किसी दिन जब हम एक दूसरे से अलग होते हैं, हम पुनरुत्थान में एक दूसरे के साथ फिर भी उठेंगे, मसीह यीशु के साथ एक दूसरे से मिलेंगे, एक देह के समान। आमीन। इस आधार और अपने पापों को स्वीकार करना और मेरा विश्वास परमेश्वर के पुत्र पर, मैं स्वयं को और कलीसिया को परमेश्वर धर्म सिद्धांत के सामने लाता हूं, जो परमेश्वर ने हमारे लिए करने को छोड़ा, कि उसकी मृत्यु को दर्शाऊं, जब तक वह नहीं आता।

143 यीशु ने कहा, "यह मेरी देह है, जो तुम्हारे लिए तोड़ी गई। इसे खाए, मेरी याद में तुम यही करते रहो।"

144 हमारे स्वर्गीय पिता, हमारे अपने पाप स्मरण कर लेने के बाद, आपका वचन सुनने के बाद, कि हम अयोग्य हैं, और हम केवल परमेश्वर के पुत्र की योग्यता का विश्वास करते हैं, हम लोग अयोग्य जीव है। हमें क्षमा करें, प्रभु, जब सबको जो हमने किया, और अब विश्वास के द्वारा हम प्रभु की मेज पर आते हैं। और अब जैसे कि यह रोटी प्रतिनिधित्व करती है कि हमारे प्रभु की देह को दर्शाये, पिता में प्रार्थना करता हूं कि आप इसे दिए गए उद्देश्य के लिए पवित्र करें। और हर व्यक्ति जो इसका भागीदार है, अपने प्राणों में अनंत जीवन पाए। होने पाए हर व्यक्ति जो इसे ले, अपनी देहो में चंगाई पाए और ठहराये हुए समय में जीवित रहे, जो आपने उन्हें दिया है। और वे अपने सारे जीवन भर आपकी सेवकाई करें और पुनरुत्थान में अंतिम दिन में जिलाये जाये कि पृथ्वी के अपने गोत्रों में एक साथ एकत्र हो, जो मसीह

के लहू के द्वारा छुड़ाए गए हैं। प्रभु, इसे प्रदान करें, यीशु के नाम में हम यह मांगते हैं। आमीन।

145 बाईबल ने कहा, "उसने प्याला भी लिया, और जब वह पी चुका, कहते हुए, 'यह नई वाचा का प्याला है, जब कभी तुम इसे पीते हो, तुम उसकी मृत्यु को दर्शाते हो जब तक वह न आए।'"

146 स्वर्गीय पिता, दाख का यह रस इस आज रात्रि आपके लिए उठाते हैं, यह दाखरस। और हम प्रार्थना करते हैं, स्वर्गीय पिता कि आप इस दाखरस को पवित्र कर दें, यह लहू को दर्शाता हैं, जो हमारे लिए कलवरी पर बहाया गया। इस लहू के द्वारा हमारे पापों से हमें छुटकारा मिलता है, यीशु मसीह के पूरे किए कार्य में विश्वास के द्वारा। हमें हमारे क्षमा करें... हमारे सारे अविश्वास को प्रभु और हमें विश्वास और समझ दे और अपना सेवक बनाएं प्रभु कि हम अपने सारे दिनों में आपकी सेवा करें। पिता, हमारे साथ हो, जैसे कि हम इस मेज पर एक साथ मिलते हैं, इस अच्छी संगती में हमें आशीषित करे, और आप से बातें करें। और आप हमारे ह्रदयो से बात करें, और हमें अपने कार्य पर रखे, जो हमें करना चाहिए, प्रभु इसे प्रदान करें, इस दाखरस को ठहराए गए उद्देश्य के लिए पवित्र करें। यीशु मसीह के नाम में हम इसे मांगते हैं। आमीन।

सब चीजों पर अधिकार रखते है HIN62-0506

(Possessing All Things)

यह सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार शाम, 6 मई, 1962 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफ़रसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकोर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकोर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2020 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org